● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 313, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 01 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पुरानी बसों में सीएनजी सिस्टम : देवेन्द्र फडणवीस 5

बुमराह को मिलेगा क्रिकेट का सबसे बड़ा अवॉर्ड! 6



## यूनियन कार्बाइड के शेष बचे अपशिष्ट का होगा विनष्टीकरण

### पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ 12 कंटनरों से किया जायेगा परिवहन

**भोपाल।** संचालक गैस राहत एवं पुनर्वास स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया है कि केन्द्र सरकार की ओवर साइट कमेटी के निर्देशों एवं सुपरविजन के अनुसार यूनियन कार्बाइड के शेष बचे 337 मीट्रिक टन रासायनिक अपशिष्ट के विनष्टीकरण की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि 337 मीट्रिक टन यूसीआईएल अपशिष्ट की पैकिंग, लोडिंग और परिवहन सीपीसीबी द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ विशेष 12 कंटेनरों से किया जायेगा। कंटेनर्स के साथ पुलिस सुरक्षा बल, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड तथा क्विक रिस्पाँस टीम रहेगी। यह कंटेनर लीक प्रूफ एवं फायर रेजिस्टेंट हैं। प्रति कंटेनर 2 प्रशिक्षित ड्राइवर नियुक्त किये गये हैं। इन कंटेनरों का मूवमेंट जीपीएस द्वारा मॉनिटर किया जायेगा। अपशिष्ट का परिवहन भोपाल से पीथमपुर टीएसडीएफ तक एक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर शीघ्र किया जायेगा।

संचालक ने बताया कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक इकाइयों में निकलने वाले रासायनिक तथा अन्य अपशिष्ट के निष्पादन के लिये धार जिले के पीथमपुर में एकमात्र प्लांट है, जहां पर भस्मीकरण से अपशिष्ट पदार्थों का विनष्टीकरण किया जाता है। यह प्लांट प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित उद्योगों द्वारा जनित खतरनाक एवं रासायनिक अपशिष्ट के सुरक्षित निष्पादन के लिये स्थापित किया गया है। यह प्लांट सेन्ट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशा-निर्देशानुसार संचालित है। सीपीसीबी की मॉनिटरिंग में सभी निर्धारित पैरामीटर अनुसार सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए 10 मीट्रिक टन अपशिष्ट विनिष्टिकरण का ट्रॉयल रन-2015 में किया गया। शेष बचे 337 मीट्रिक टन रासायनिक अपशिष्ट पदार्थों का निष्पादन सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों के अनुक्रम में तथा उच्च न्यायालय द्वारा गठित ओवर साइट कमेटी/टास्क फोर्स कमेटी के निर्णय 19 जून 2023 के अनुक्रम में किया जा रहा है।

पीथमपुर में अत्याधुनिक बुनियादी ट्रीटमेंट, स्टोरेज एवं डिस्पोजल फेसिलिटी (टीएसडीएफ) अनुसार वर्ष-2006 से अन्य संस्थाओं के अपशिष्ट का भस्मीकरण ठीक उसी प्रकार से किया जा रहा है, जैसे लगातार क्रियाशील यूसीआईएल में अपशिष्ट संग्रहित हैं। देश में पीथमपुर जैसे 42 संयंत्र क्रियाशील हैं, जिसमें ऐसे रासायनिक अपशिष्ट पदार्थों का उपचार उपरांत निपटान किया जाता है। पीथमपुर में स्थापित यह कॉमन हैज़र्डस वेस्ट ट्रीटमेंट, स्टोरेज और डिस्पोज़ल फैसिलिटी एक अत्याधुनिक सुविधा है, जिसमें खतरनाक कचरे को सटीकता और सुरक्षा के साथ निष्पादन करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। री-सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड की सहायक कंपनी पीथमपुर इंडस्ट्रियल वेस्ट मेनेजमेंट प्रा.लि. द्वारा संचालित, यह सुविधा भस्मीकरण, लैंडफलि प्रबंधन और उत्सर्जन नियंत्रण के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग कर अपशिष्टों का निष्पादन करती है। अपशिष्टों के निष्पादन के दौरान इस सुविधा द्वारा लगातार जल एवं वायु मापन कार्य किया जाता है। इस प्रकार यह सुविधा खतरनाक कचरे को पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित रूप से निपटाने और प्राकृतिक संसाधनों को दूषित करने के जोखिम को कम करने के लिये विशिष्ट समाधान प्रदान करती है। संचालक ने बताया कि सीपीसीबी द्वारा 2015 में किये गये यूसीआईएल अपशिष्ट विनिष्टिकरण के ट्रायल रन के दौरान तथा बाद में उत्सर्जन मानक, निर्धारित राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाये गये। परिणामों के आधार पर वर्णित किया गया है कि यूसीआईएल. कचरे के निष्पादन पश्चात किसी तरह के हानिकारक तत्व पानी अथवा वायु में नहीं पाये गये तथा इनसीनेरेशन (भस्मीकरण) के पश्चात शेष बचे रेसीड्यू का निष्पादन टीएसडीएफ (ट्रीटमेंट स्टोरेज एंड डिस्पोजल फेसेलिटी) में लैण्ड फिल के माध्यम से डबल कम्पोजिट लाइनर सिस्टम से किया गया।

इसका किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर नहीं पाया गया। श्री सिंह ने बताया कि यह सीपीसीबी का कथन है, जिसकी पुष्टि संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई है। उक्त स्थिति से सर्वोच्च न्यायालय को भारत सरकार द्वारा शपथ पत्र द्वारा अवगत कराया गया है।

## मप्र में कड़ाके की ठंड के बीच मानेगा नया साल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 2 दिन तक हुई बारिश के बाद मौसम में परिवर्तन आया है। ठंड ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। प्रदेश में इस बार तेज सर्दी और कोहरे के बीच न्यू ईयर का सेलिब्रेशन होगा। मंगलवार को सुबह ग्वालियर-चंबल, उज्जैन, सागर और रीवा संभाग के कई जिलों में कोहरे का असर रहा। विजिबिलिटी 20 मीटर ही रह गई। राजधानी भोपाल में दिन भर बादल छाए रहे। जिससे तापमान में गिरावट देखी गई, यहां दिन का अधिकतम तापमान 19.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि रात में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं नए साल एक जनवरी को कई शहरों में कोल्ड-डे का अलर्ट है और शीतलहर चलेगी। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 2025 जनवरी में 20 से 22 दिन तक शीतलहर और कोल्ड डे का असर रह सकता है। शुरुआती दो दिन ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के जिलों में शीतलहर का असर देखने को मिलेगा।

## सांस्कृतिक वैविध्य ही हमारी पहचान : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत विभिन्न धर्मों, समाजों, भाषाओं और संस्कृतियों का देश है। सब मिलकर यहां सद्भावपूर्वक रहते हैं। सांस्कृतिक वैविध्य ही हमारी संस्कृति की पहचान है। हमारी आस्था और जीवन मूल्य हमें विकास की ओर ले जाते हैं। योग, तप, साधना और साहचर्य से जीवन का समग्र विकास की शिक्षा सिर्फ भारतीय संस्कृति ही सिखाती है। समाज में जनजागृति लाने में महर्षियों की बड़ी अहम भूमिका रही है। महर्षि श्री बालीनाथ जी बैरवा उन्हीं में से एक थे। वे परम संत थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में महर्षि श्री बालीनाथ जी बैरवा जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो असंभव दिखता है, वो केवल सनातन धर्म में ही संभव है। महर्षि बालीनाथ जी ने समाज की कुरीतियों, रूढ़ियों और बुराइयों को खत्म किया और सबको सद्मार्ग की ओर ले जाने का काम किया। उन्होंने बालीनाथ जी की स्मृति में देश के दूरदराज से आए बैरवा समाजजन का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस प्रदेश स्तरीय सामाजिक कार्यक्रम में आकर वे बेहद प्रसन्न है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अखिल जूनवाल द्वारा लिखित पुस्तक भीम वंदना का विमोचन भी किया। इसके बाद बैरवा समाज की बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग एवं उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, अखिल भारतीय बैरवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश जारवाल, श्री लालाराम बैरवा, श्री राधेश्याम बैरवा, श्री मुकेश टेटवाल, श्री सी.एल. बैरवा, श्री प्रभुराम सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

## राहुल गांधी के वियतनाम जाने पर विवाद

### भाजपा ने बताया दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अपमान



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन बाद से भाजपा व कांग्रेस में शुरू वार-पलटवार का दौर सोमवार को भी जारी रहा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वियतनाम यात्रा पर जाने को भाजपा ने डॉ. सिंह का अपमान बताते हुए कहा कि देश जब उनके निधन पर शोक मना रहा है, राहुल नए साल का जश्न मनाने विदेश चले गए। कांग्रेस ने इसे मुद्दे से ध्यान भटकाने की राजनीति करार दिया। कहा, अगर राहुल निजी तौर पर यात्रा करते हैं, तो इससे किसी को क्या परेशानी है? भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि राहुल और कांग्रेस सिखों से नफरत करते हैं। डॉ. सिंह के प्रति राहुल के असम्मान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया, राहुल ने डॉ. सिंह के निधन का सियासी फायदा उठाया। वहीं, कांग्रेस नेता मणिक्कम टैगोर ने कहा, जिस तरह से केंद्र सरकार ने डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यमुना तट पर जगह देने से इन्कार कर दिया, वह शर्मनाक था।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि डॉ. सिंह के परिवार की निजता को ध्यान में रखते हुए उनके अस्थि विसर्जन में पार्टी या गांधी परिवार से कोई शामिल नहीं हुआ। डॉ. सिंह की अस्थियां उनके परिवार के सदस्यों ने सिख रीति-रिवाजों के अनुसार यमुना में विसर्जित कर दीं। भाजपा ने आरोप लगाया कि इस संवेदनशील मौके पर कांग्रेस या गांधी परिवार का कोई सदस्य शामिल नहीं हुआ, जो कि पार्टी के लिए खासा शर्मनाक है।

## दलित-आदिवासियों के खिलाफ जातिगत अत्याचारों को दे रहे बढ़ावा : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग दलितों और आदिवासियों के खिलाफ जातिगत अत्याचारों को बढ़ावा दे रहे हैं। खासकर उन राज्यों में जहां भाजपा की सरकार है, जैसे हरियाणा, मध्य प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान करते हैं और वही जातिवादी मानसिकता भाजपा-शासित राज्यों में दोहराई जा रही है।

## अयोध्या में नए साल के पहले दिन भक्तों की भीड़ बना सकती है रिकॉर्ड

**अयोध्या।** नववर्ष 2025 की अगवानी रामलला के दर्शन-पूजन से होगी। नए साल के पहले दिन बुधवार को राम मंदिर में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को आस्था का नजारा रामनगरी में नजर आया। रामलला व हनुमंतलला के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। रामपथ से लेकर भक्ति पथ तक पूरे दिन श्रद्धालुओं के जयघोष गूंजते रहे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला नया साल है। इस मौके पर अयोध्या में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। रामनगरी धार्मिक पर्यटन का हब बन चुकी है। इसका प्रमाण यह है कि पिछले 25 दिसंबर से ही रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या में रोजाना एक लाख से अधिक भक्त पहुंच रहे हैं। नए साल पर यह संख्या बढ़कर दो लाख तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

नववर्ष पर रामलला के दर्शन का रिकॉर्ड भी बनने की उम्मीद है। रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन कर नए साल के पहले दिन की शुरुआत करने के लिए बड़ी संख्या में लोग अयोध्या पहुंचेंगे। इसमें स्थानीय के साथ आसपास के जिलों और अन्य प्रदेशों के भी श्रद्धालु शामिल होंगे।

इससे पहले मंगलवार को रामलला के दरबार में एक लाख से अधिक भक्त पहुंचे। जबकि हनुमानगढ़ी में सुबह पांच से लेकर रात नौ बजे तक दर्शन के लिए कतार लगी रही। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने जगह-जगह यातायात डायवर्जन लागू कर रखा है। टेढ़ी बाजार से वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया। वहीं रामघाट व लता चौक से भी चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहा।

## मणिपुर हिंसा को लेकर सीएम बीरेन सिंह ने मांगी माफी

**इंफाल।** मणिपुर हिंसा को लेकर सीएम एन बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से पिछले साल तीन मई से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे इसका दुख है। पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

## सेवानिवृत्त आईएएस मनोज श्रीवास्तव प्रदेश के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त

**भोपाल।** पूर्व आईएएस अधिकारी मनोज श्रीवास्तव प्रदेश के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। श्रीवास्तव 1 जनवरी से अपना कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में श्रीवास्तव प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे, उन्होंने इस पद से मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। सामान्य प्रशासन विभाग ने उनकी नियुक्ति संबंध आदेश जारी कर दिए है। आदेश के अनुसार श्रीवास्तव की नियुक्ति 6 वर्ष या 66 वर्ष की आयु पूर्ण होने, जो भी पहले हो तक की अवधि के लिए होगी। मनोज श्रीवास्तव 1987 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। उनको प्रशासनिक काम का अच्छा अनुभव है। इससे प्रदेश में राज्य निर्वाचन के माध्यम से होने वाले चुनाव के संचालन को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। श्रीवास्तव प्रदेश सरकार के विभागों में कई अहम पदों पर रहे। वह 2021 में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

## जनवरी 2025 में एनवीएस-02 उपग्रह लॉन्च करेगा इसरो

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जनवरी 2025 में एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) पर लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि यह मिशन अगले साल के लिए नियोजित कई मिशनों में से एक है। पीएसएलवी-सी60 के सफल प्रक्षेपण के बाद सोमनाथ ने यह घोषणा की, जिसमें स्पैडेक्स और अन्य पेलोड को ले जाया गया है।



इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि 29 मई, 2023 को जीएसएलवी-एफ12 रॉकेट ने एनवीएस-01 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। उन्होंने बताया कि एनवीएस-01 उपग्रह में एक स्वदेशी परमाणु घड़ी है, जो नैविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन (एनएवीआईसी) की क्षमताओं को बढ़ाती है। इसमें व्यापक सेवा कवरेज के लिए एल1 बैंड सिग्नल शामिल है। उन्होंने कहा कि एनवीएस-02 मिशन इस प्रगति को जारी रखने की उम्मीद है, जो उन्नत सुविधाओं के साथ एनएवीआईसी प्रणाली को और मजबूत करेगा। इस मौके पर इसरो प्रमुख ने चंद्रयान-4 मिशन के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें विभिन्न मॉड्यूल शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर लॉन्च किया जाएगा और दो अलग-अलग मॉड्यूल में एकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन मॉड्यूल को कक्षा में पहुंचने और फिर पृथ्वी की कक्षा और चंद्रमा की कक्षा दोनों में डॉक करने की आवश्यकता है।

## केरल को मिनी पाकिस्तान बताने पर विजयन ने की नितेश राणे की आलोचना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने सोमवार को महाराष्ट्र के भाजपा सांसद नितेश राणे की टिप्पणी की निंदा की। भाजपा सांसद ने केरल को मिनी पाकिस्तान था। विजयन ने नितेश राणे की इस टिप्पणी को भड़काऊ और निंदनीय बताया। केरल के सीएम ने कहा कि उन्होंने राज्य के प्रति संघ परिवार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला है। विजयन ने संघ परिवार पर घृणा अभियानों को उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संघ परिवार को जिन क्षेत्रों में प्रभाव हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, वे उन क्षेत्रों को अलग-थलग करने का प्रयास करते हैं। केरल के सीएम पिनरई विजयन ने अपने बयान में कहा, महाराष्ट्र के भाजपा मंत्री नितेश राणे का केरल को मिनी पाकिस्तान बताने वाला बयान भड़काऊ और निंदनीय है। यह केरल के प्रति संघ परिवार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। संघ परिवार को ऐसा लगता है कि वे घृणा और विभाजनकारी अभियानों के माध्यम से उन क्षेत्रों को अलग-थलग कर सकते हैं, जहां वे अपना प्रभाव स्थापित करने के लिए संघर्ष करते हैं।

## अखाड़ों-कल्पवासियों को सस्ते दर में मिलेगा खाद्यान

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में योगी सरकार ने अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों के लिए बड़े पैमाने पर अन्न भंडार की व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार है, जब महाकुम्भ में इतने बड़े पैमाने पर अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को नाम मात्र की कीमत पर राशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर अखाड़ों-संस्थाओं और कल्पवासियों को मात्र 5 रुपये में आटा और 6 रुपये में चावल उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। इसके लिए मेला क्षेत्र में 138 उचित मूल्य की दुकानों पर राशन उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार महाकुम्भ को दिव्य, भव्य के साथ साथ नव्य रूप देने में लगे हैं।

## घमासान के बीच केजरीवाल ने शुरू की पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की शुरुआत की। केजरीवाल ने मरघट वाले बाबा के दर्शन कर इस योजना को शुरू किया। मंगलवार को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ कश्मीरी गेट स्थित मरघट वाले बाबा मंदिर गए। यहां उन्होंने पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान केजरीवाल ने खुद पुजारी का रजिस्ट्रेशन किया। पहले हनुमान मंदिर से योजना शुरू करने का प्लान था। इस दौरान केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रजिस्ट्रेशन रोकने की कोशिश की। लेकिन भक्त को भगवान से मिलने से कोई नहीं रोक सकता। इस योजना के अनुसार, दिल्ली में आप की सरकार पुजारी और ग्रंथियों को 18 हजार रुपये की सैलरी देगी। सोमवार को ही अरविंद केजरीवाल ने इस योजना का एलान किया था। यहां के महंत का आज जन्मदिन है। केजरीवाल ने उनके साथ जन्मदिन भी मनाया। इससे पहले, दिल्ली सरकार द्वारा पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देने की घोषणा पर भाजपा की ओर से सवाल उठाने पर, वक्सांसद संजय सिंह ने कहा कि उनका हाथ 22 राज्यों में किसी ने नहीं पकड़ा है। वे पीएम मोदी से कहें कि 22 राज्यों में ये योजना लागू करें।

## भारत की संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले कर रहे दुष्प्रचार : योगी

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को 24×7 एक्टिव रहना होगा। इंटेलिजेंस को और मजबूत करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने



### सीएम बोले-सबको मिलेगा करारा जवाब

महाकुम्भ के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश भी दिए हैं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ की थीम पर चल रहीं फर्जी वेबसाइट और एप के चिन्हांकन और कार्रवाई के साथ साथ आमजन को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत बताई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कतिपय अराजक संगठनों/व्यक्तियों द्वारा महाकुम्भ के नाम पर फर्जीवाड़ा कर वसूली करने का दुस्साहस किया जा रहा है, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया। मुख्यमंत्री ने सभी स्ट्रीट वेंडर, ऑटो रिक्शा चालकों, ई-रिक्शा चालकों के पुलिस सत्यापन तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिये, साथ ही प्रयागराज की ओर आने वाले सभी अंतर्जनपदीय मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन के व्यवस्थित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया पर फेक न्यूज पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी पूजनीय अखाड़ों, महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीबाड़ा, खाकचौक एवं अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि प्रयागवाल व अन्य नई संस्थाओं को आवंटन का कार्य जारी है।

सभी की आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि पूजनीय अखाड़ों, साधु-संतों की भावनाओं का यथोचित सम्मान किया जाना चाहिए। मेला प्रबंधन से जुड़े अधिकारी संतों से सतत-संपर्क-संवाद बनाये रखें।

# भूली बिसरी यादों के साथ अलविदा 2024, नूतन वर्ष 2025 का आगाज

## जीरो नाइट पर छलके जाम,होटलो में जमी महफिल, युवाओ की टोली ने मचाया धूम



**सिंगरौली।** भूली बिसरी यादें जिंदगी में फिर से वापस न आए, क्योंकि 2024 में लोगो ने अपनो को खोया है। नूतन वर्ष 2025 खुशियों से भरा रहे। यही लोग मनोकामना कर रहे हैं। जीरो नाइट पर होटलों में जहां भोजपुरिया सांग ने धूम मचाया था। वहीं जमकर जाम छलकते नजर आए। प्रशासन व पुलिस की व्यवस्था जीरो नाइट पर चुस्त-दुरुस्त बनी रही। ताकि किसी तरह की कोई घटना न होने पाए।

इधर बता दें कि नए वर्ष 2025 के स्वागत को सिंगरौलीवासी बेताब रहे। मंगलवार की आधी रात से ही नए वर्ष के जश्न में युवा डूबे रहे। फिजा में हर तरफ नया साल मुबारक हो,हैप्पी न्यू ईयर की गूंज सुनाई दी। उपहार बधाइयां देने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। शहर से लेकर गांव तक लोग नए वर्ष के जश्न में सराबोर रहे। सोमवार शाम से ही नए वर्ष के जश्न की तैयारियां शुरू हो गई थी। कोहरे के चादर के बीच सर्द रात में घड़ी की सुइयों के 12 बजने के करीब आने के साथ लोगों का उत्साह बढ़ता गया। नए वर्ष के दस्तक देते ही लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। युवाओं ने नए साल के स्वागत में जमकर आतिशबाजी की। कई स्थानों पर पंडाल व होटलों को दूधिया रोशनी से सजाया गया था। जिला मुख्यालय बैढन्, नवानगर, निगाही, जयंत, विंध्यनगर, मोरवा सहित कई क्लबों होटलों में रंगारंग कार्यक्रम हुए। जिसमें संगीत की धुनों पर लोग थिरकते रहे।

### पुलिस रही मुस्तैद

नये वर्ष के स्वागत की तैयारी में जहां लोग गीत संगीत पर थिरक रहे थे। वही कोई अनहोनी न हो जाए, इस बात की पड़ताल पर पुलिस अधीक्षक व एएसपी के निर्देशन पर सभी थाना टीआई अपने-अपने थाना क्षेत्र में पूरी रात मुस्तैद रहे। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कोतवाल बैढन्, विंध्यनगर टीआई,मोरवा टीआई, नवानगर टीआई,यातायात प्रभारी अपने दल-बल के साथ रात भर जगह जगह मुस्तैद नजर आए।

## अपर कलेक्टर ने की 145 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई



**सिंगरौली।** अपर कलेक्टर अरविंद झा के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आए 145 आवेदको के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुये अपना आवेदन दिया गया।अपर कलेक्टर के द्वारा सभी आवेदको से उनकी समस्याओं को सुनने के पश्चत जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से कई आवेदको की समस्याओं का जन सुनवाई में त्वारित निराकरण कराया गया। साथ ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हो सका संबंधित विभागीय अधिकारियो की ओर भेजते हुये निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी आवेदको से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराये। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय सृजन कार्यक्रम प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल मप्र के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा की उपस्थिती में सामुदायिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत सृजन कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रुस्तमजी क्रॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया।

सृजन कार्यक्रम अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि, समुदाय आधारित बालिका व महिला सुरक्षा हेतु संचालित एक विशिष्ट योजना है इसके अंतर्गत समाज के कमजोर वर्ग, झुग्गी झोपडी तथा बस्तिओं में सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस थानों के तत्वाधान में सृजन समितिया निर्मित की गई है। ये सृजन समितिया 12 से 20 वर्ष के आयुवर्ग के बालिकाओं तथा बालकों को एक माह का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा, कानून का ज्ञान, मानव अधिकारों की समझ तथा भविष्य निर्माण की स्वावलंबी योजनाओं, उच्च शिक्षा तथा कौशल विकास इत्यादि के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। इस योजना के अंतर्गत थानों की महिला कर्मचारियों को पुलिस दीदी के रूप में इन समितियों से समन्वय करने की जिम्मेदारी दी गई है

उपरोक्त सामुदायिक सुरक्षा कार्यक्रम में उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की किशोर न्याय समिति तथा सर्वोच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति द्वारा वर्ष 2023 में बेस्ट प्रेक्टिस इन चाइल्ड सेपटी के रूप में इसे मान्यता दी है। इसी प्रकार यूनिसेफ द्वारा भी इस योजना को नेशनल बेस्ट प्रेक्टिस के रूप में मान्यता देते हुये इसमें कार्यरत सामाजिक संस्थाओं को सहायता प्रदान की है और इसे आगे बढ़ाने में भी योगदान दिया है। उक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में महिला सुरक्षा शाखा प्रभारी डीएसपी अरुण सोनी, नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर, उप निरीक्षक प्रीती साकेत, उप निरीक्षक रुपा अग्निहोत्री, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रियंका शर्मा, उप निरीक्षक शितला यादव व थाना चौकी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय की महिला प्रधान आरक्षक व महिला आरक्षक उपस्थित रही।

# नये साल के जश्न पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर: पुलिस अधीक्षक

## किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही



**सिंगरौली।** न्यू कलेण्डर ईयर के जश्न पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। साथ ही प्रशासन के अफसरों से बगैर अनुमति के लोग कार्यक्रम आयोजित नही कर पायेंगे। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने न्यू ईयर के जश्न पर सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा है अपने-अपने थाना एवं चौकी क्षेत्रो में सभी पर्यटन स्थलों पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रखें ताकि किसी प्रकार की घटना घटित न होने पाये। वहीं आगे कहा है कि अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की जाय। सभी मोहल्ला,कॉलोनी,गली में डीजे बजने पर रोक रहेगी। सभी पर्यटनो स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। बिना अनुमति पार्टी पर रोक रहेगी। अनुमति लेने के लिए थाना प्रभारी, एसडीएम,तहसीलदार से लिखित अनुमति पूर्व से लेने के बाद ही आयोजन हो सकेगा। किसी भी पार्टी में लड़कियों एवं महिलाओं के साथ छेड़छानी हुई तो आयोजको पर भी सख्त कार्यवाई होगी। शराब पीकर तेज वाहन चलाने वालो पर सख्त कार्यवाई करें। साथ ही शहर भर में चेकिंग पॉइंट लगाये जायेंगे। वहीं पुलिस की वाहन पूरी रात व दिन पेट्रोलिंग करेगी। अगर किसी भी प्रकार की घटना घटित होती है तो संबंधित क्षेत्रो के थाना प्रभारी या फिर कंट्रोल रूम में तत्काल सूचना दें।

## पीठासीन एवं सहायक अधिकारी नियुक्त

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश जिला योजना समिति अधिनियम 1995 की धारा 11 की उपधारा (1) की शक्तियों के तारतम्य में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने जिला पंचायत के सदस्यों मे से जिला योजना समिति के गठन हेतु जिला पंचायत सभागार में दिनांक 3.1.2025 को समय 11 बजे निर्वाचन हेतु निम्नानुसार पीठासीन अधिकारी दल गठन किया गया है। जिसके तहत राजेश कुमार शुक्ला अनुविभागीय अधिकारी राजस्व माड़ा को पीठासीन अधिकारी जिला पंचायत ग्रामीण एवं बुद्धसेन माझी नायब तहसीलदार तहसील सिंगरौली को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त करते हुये दल का गठन किया गया है।

# नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड में क्षय रोग जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान एवं 100 दिवसीय निश्चय शिविर अंतर्गत शहरी ग्रामीण एवं माइंस एरिया में लोगों को क्षय रोग के बारे में जागरूक कर टीबी के संभावित रोगियों की जांच कराई जा रही है। इसी कड़ी में नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड अमलोरी अंतर्गत आलोक कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक वा विनोद कार्यालय अधीक्षक के सहयोग से क्षय रोग जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डब्लूएचओ कंसल्टेंट डॉक्टर दिव्यांशु शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक शाह तथा सुहाना रिजवी नोडल अधिकारी सीएसआर परियोजना उपस्थिति रही। कार्यक्रम समन्वय अभिषेक शाह द्वारा बताया गया कि माइंस एरिया होने के कारण यहां पर सभी लोगों को सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है तथा हमेशा मास्क लगाना अत्यंत आवश्यक है। माइंस एरिया तथा डस्ट एरिया में निवास करने वाले लोग टीबी से जल्दी प्रभावित होते हैं। जानकारी देते हुए कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा खांसी आए रुक-रुक कर बुखार आए वजन घटे साथ ही खांसी के साथ बलगम में खून आए तो उसे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बलगम की जांच करानी चाहिए क्योंकि ऐसे लक्षण टीवी के हो सकते हैं।कार्यालय अधीक्षक विनोद द्वारा बताया गया कि अमलोरी परियोजना अंतर्गत 850 कर्मी काम करते हैं, जिनका सभी का जांच करना आवश्यक है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जिला क्षय केंद्र के उपस्थित कर्मचारियों द्वारा स्क्रीनिंग कर टीवी के संभावित रोगियों का सैंपल कलेक्शन किया गया।कार्यक्रम के दौरान नागेंद्र यादव स्टाफ अधिकारी कार्मिक तथा कंपनी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास को धौहनी विधायक ने दी एक्स रे मशीन की सौगात



**सिंगरौली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास में वर्षों की प्रतीक्षा के बाद एक्स-रे मशीन की स्थापना से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। अब तक, निवास क्षेत्र के लोगों को एक्स-रे के लिए 50 किलोमीटर दूर सीधी या 100 किलोमीटर दूर बैढ़न जिला चिकित्सालय तक जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी जिसको देखते हुए धौहनी विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास को अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन की सौगात दी, जिससे क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। इस पहल से ग्रामीणों को अब जटिल जांचों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। विधायक ने मशीन का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में है। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना की और इसे स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ा सुधार बताया। एक्स-रे मशीन के उपयोग से समय पर रोगों का निदान संभव होगा, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौहनी विधायक कुवर सिंह टेकाम ने इसे क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश साहू, मंडल अध्यक्ष निवास, ने सरकार की जनहितकारी नीतियों का उल्लेख करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जोसेफ ने की, जिन्होंने इस उपलब्धि को स्वास्थ्य केंद्र के इतिहास में मील का पत्थर बताया।स्थानीय नागरिकों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। लोगों ने कहा कि यह सुविधा समय पर सही इलाज की दिशा में एक बड़ा कदम है। एक्स-रे मशीन की उपलब्धता से न केवल मरीजों की असुविधा कम होगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। यह पहल निवास क्षेत्र के स्वास्थ्य के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई



**सिंगरौली।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पीएस परस्ते, महिला थाना प्रभारी प्रियंका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने हेतु महिला अधिकारी-कर्मचारीयों से शिकायतो की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने एनआर आईआरएसएम 2024 वॉलीबॉल और लॉन टेनिस टूर्नामेंट दोनों में हासिल की जीत

**सिंगरौली**

एनटीपीसी विंध्याचल एनआर इंट्रा रिजनल स्पोर्ट्स मीट 2024 के वॉलीबॉल और लॉन टेनिस टूर्नामेंट का समापन धूमधाम से हुआ, जिसमें टीम विंध्याचल ने दोनों लॉन टेनिस और वॉलीबॉल श्रेणियों में विजेता का दर्जा प्राप्त किया।लॉन टेनिस फाइनल्स मे टीम विंध्याचल ने टीम दादरी को 3-0 से हराते हुए एकतरफा जीत दर्ज की, जो कि अतुल मार्केडकर, अपर महाप्रबंधक (टीएडी) के नेतृत्व में हासिल हुई। वहीं, टीम दादरी के कप्तान अभिषेक साहू की अगुवाई में उपविजेता रही और उन्होंने खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण पेश किया।वॉलीबॉल टूर्नामेंट मे टीम विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की, जब उन्होंने टीम रिहंद को 3-0 से हराते हुए शानदार जीत हासिल की। टीम विंध्याचल की कप्तानी कर रहे श्री तुलेश्वर ठाकुर ने बेहतरीन नेतृत्व के साथ यह निर्णायक जीत दिलाई। वहीं, टीम एनटीपीसी रिहंद के कप्तान राजेश मीना ने शानदार संघर्ष दिखाया और उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।इन मैचों का संचालन राज्य रेफरी राजेंद्र प्रसाद वैश्य और एलबी सिंह ने किया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में निष्पक्षता और पेशेवरता सुनिश्चित की।इस भव्य आयोजन में ई.सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही एके तिवारी, पूर्व कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी लिमिटेड और सलाहकार (यूपीआरवी यूएनएल) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन कैमिकल्स और बीई), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) और अध्यक्ष, स्पोर्ट्स काउंसिल, एजे राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेस और एडीएम), अतिन कुंडू, महाप्रबंधक (परियोजना), और राकेश अरोरा, मानव संसाधनप्रमुख (विंध्याचल) भी उपस्थित रहे। इस आयोजन में इन प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति ने एनटीपीसी विंध्याचल की खेल भावना और टीमवर्क को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को और स्पष्ट किया। इस शानदार खेल प्रदर्शन और आपसी सहयोग ने एनटीपीसी विन्ध्याचाल के खेल आयोजनों में एक नया मानक स्थापित किया।

# मेला से घर जा रही लड़की से गैंगरेप, 6 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों ने दोस्त को बंधक बनाकर पीटा, अपराधों का भी बड़ा ग्राफ




**सिंगरौली।** जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती के साथ गैंगरेप की घटना से सनसनी फैल गई। युवती अपने परिचित के साथ मेला देखने गई थी। वापसी के दौरान रास्ते में सूनसान जगह पर उसके दोस्त को बंधक बनाकर मारा पीटा और लड़की के साथ गैंगरेप किया गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत केस दर्ज किया है। लेकिन चिंता की बात यह है कि देवसर जियावन क्षेत्र में लगातार अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है, पिछले दिनों हुई चोरियों का खुलासा नहीं होने पर पुलिसिंग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार जियावन थाना क्षेत्र निवासी एक 19 वर्षीय युवती अपने परिचित के साथ जियावन थाना के अकौरी देवा मंदिर में मेला घूमने गई थी। जब वह मेले अपने घर वापस आ रही थी तभी भैसलूटी के जंगल में 6 आवारा किस्म के युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके दोस्त को बंधक बनाकर मारपीट की। जब युवती ने शोर मचाया तो 6 में से चार लोग मारपीट कर जंगल की तरफ भाग गए एवं दो लोगों ने युवती को जंगल में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वही जिस दोस्त के साथ लड़की मेला देखने गई थी वह भी घटना के बाद से फरार है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने छः आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं।एसडीओपी राहुल सिंह सैयाम ने बताया कि सुग्रीव रावत, भकर रावत, राजेश रावत, दिनेश रावत, संजय रावत और सुनील रावत को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ की जा रही है।

रात में युवती जब घर नहीं आई तो परिजन काफी परेशान हुए। घटना के बाद अगली सुबह युवती रोती-बिलखती बदहवास हालत में अपने घर पहुंची तो उसकी हालत देखकर घर वाले हैरान हो गये। युवती ने अपने साथ हुई घटना को लेकर घर वालों को बताया जिसके बाद परिजन युवती को लेकर थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने दो अलग-अलग टीम बनाकर 6 आरोपियों की घेराबंदी करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों पर अलग अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है ये सभी आरोपी अकौरी क्षेत्र के ही रहने वाले है।

युवती के साथ हुए गैंगरेप की घटना के बाद गांव के लोग आक्रोशित हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी आसपास के गांव के आवारागर्दी करने वाले लड़के हैं। ये लड़के अक्सर जंगल वाले रास्तों में अकेले आने जाने वाली युवतियों और महिलाओं को अपना शिकार बनाने की तलाश में रहते हैं। देवसर क्षेत्र में इस तरह की कई वारदातें हो चुकी हैं लेकिन पुलिस आज तक लोगों को सुरक्षा देने में असमर्थ है। देवसर का ज्यादातर हिस्सा जंगली क्षेत्र है, जहां पर आदिवासी और बैगा समुदाय के लोग निवासरत हैं लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर हमेशा खतरा बना रहता है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 115 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश





सीधी

नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 115 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पड़खुरी नंबर 2 से आये नागेन्द्र जायसवाल ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि लकवा के कारण वह चलने में असक्षम है। उन्हें घर में या कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि उन्हें ट्राई साइकिल एवं वैशाखी प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगे और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। आवेदक की शारीरिक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन्हें सहायक उपकरण प्रदान कराए। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर नागेन्द्र जायसवाल खुश और संतुष्ट दिखे।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## धान मिलिंग अनुबंध निष्पादित नहीं करने पर 6 राइस मिलर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने दिनांक 26.12.2024 तक धान मिलिंग का अनुबंध निष्पादित नहीं किए जाने पर जिले के 6 राइस मिलर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। कारण बताओ सूचना पत्र का 03 दिवस के भीतर लिखित रूप से कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) जिला सीधी में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समयावधि में जवाब प्रस्तुत न होने पर संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर द्वारा प्रोपाईटर सूर्य प्रकाश द्विवेदी शिवानी ट्रेडिंग कम्पनी केशवाही तहसील बहरी, अजय सिंह चौहान देवेन्द्र राईस मिल जमोड़ीकला तहसील गोपद बनास, पुष्पांजली शुक्ला पुष्पांजल राईस इन्डस्ट्रीज मनकीसर तहसील रामपुर नैकिन, सौरभ सिंह बघेल सिंह राईस मिल गोरियरा तहसील गोपद बनास, विक्रम सिंह कृष्णा राईस मिल बंजारी तहसील गोपद बनास एवं शिवभुषण प्रसाद द्विवेदी सनराईस इण्डस्ट्रीज मुठिगवां तहसील गोपद बनास को धान मिलिंग का अनुबंध निष्पादित नहीं किए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# आरटीई के तहत अशासकीय शालाओं की मान्यता के लिए समय सारिणी जारी

**आवेदन की अंतिम तिथि 23 जनवरी**

**सीधी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने जानकारी देकर बताया है कि नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार समस्त अशासकीय शालाओं द्वारा मान्यता प्राप्त होने के उपरांत ही स्कूल संचालन किया जा सकता है। इसके लिए अधिनियम की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2011 के नियम 11 (संशोधित नियम दिनांक 06.01.2023) के अनुसार मान्यता के लिए प्रावधान किये गये है।

अशासकीय संस्थाओं/शालाओं के संचालक द्वारा स्वयं आरटीई एमपी मोबाइल एप का उपयोग करते हुए मान्यता नवीनीकरण/ नवीन मान्यता के लिए आवेदन किया जायेगा साथ ही आवेदन करने के लिए अशासकीय शाला भवन, आवश्यक प्रशिक्षित शिक्षकों तथा स्कूल में आवश्यक संसाधनों को जियो टैग फोटो अपलोड करने के साथ ही आरटीई के मान एवं मानकों की पूर्ति किया जाना अनिवार्य है। अशासकीय स्कूल के संचालक द्वारा स्कूल की मान्यता के लिए आवेदन करते समय जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण सजगता के साथ सम्पन्न किया जाये।

जिलों में संचालित कक्षा 8 तक के समस्त प्रायवेट स्कूलों के नवीन मान्यता/मान्यता नवीनीकरण आवेदन के लिए सत्र 2025-26 में जारी किए जाने वाली मान्यता के लिए समय सारिणी जारी की गई है। अशासकीय स्कूलों द्वारा नवीन मान्यता/मान्यता नवीनीकरण के लिए आरटीई एमपी मोबाइल एप के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाइन आवेदन के लिए 23 दिसम्बर 2024 से 23 जनवरी 2025 तक करना है। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक द्वारा स्कूल का भौतिक सत्यापन कर निरीक्षण रिपार्ट जिला परियोजना समन्वयक को प्रेषित करने के लिए अशासकीय स्कूल द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के 15 कार्य दिवस के अन्दर करना है। जिला परियोजना समन्वयक द्वारा मान्यता आवेदन के प्रकरणों का निराकरण के लिए अन्तिम तिथि 23 फरवरी 2025 एवं बीआरसीसी द्वारा स्पष्ट अभिमत सहित आवेदन अग्रेषित करने के लिए 10 कार्य दिवस के अंदर करना है। कलेक्टर के समक्ष अपील करने के लिए जिला परियोजना समन्वयक द्वारा मान्यता आवेदन निरस्ती दिनांक से 30 दिवस तक संबंधित अशासकीय स्कूल द्वारा करना है। कलेक्टर द्वारा अपीलीय आवेदनों का निराकरण के लिए स्कूल के अपील आवेदन प्राप्ति के 30 दिवस तक करना है एवं आयुक्त/संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र को द्वितीय अपील के लिए कलेक्टर द्वारा पारित निर्णय के 30 दिवस तक करना है।

उन्होंने समस्त अशासकीय विद्यालयों तथा पंजीकृत सोसायटी/ट्रस्ट की ओर उक्त निर्देश तथा सन्दर्भित पत्र की प्रति भेजकर निर्देशित किया है कि वर्णित दिशा निर्देशों का सूक्ष्मता से अवलोकन करें तथा नवीन मान्यता/मान्यता नवीनीकरण का ऑनलाइन आवेदन निर्दिष्ट समय सीमा 23 जनवरी 2025 तक पूर्ण करें।

# आदित्य सिंह के ज्येष्ठ भ्राता का निधन, शोक व्यक्त



**सीधी।** एक लंबे समय से शहडोल जिले में पत्रकारिता की सेवा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार एस.एन.सिंह का बीती रात हृदय गति रुक जाने से 58 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। सीधी जिले के वरिष्ठ पत्रकार आदित्य सिंह के ज्येष्ठ भ्राता एन.एन.सिंह का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम सीधी जिले के बडखुरा ग्राम में सोमवार को हुआ।

गौरतलब हो स्व.एस.एन.सिंह शहडोल जिले में लगभग 15 वर्षो से अधिक समय तक कई प्रतिष्ठित अखबारों में अपनी सेवा दे चुके हैं। इस दौरान उन्होंने राजधानी भोपाल की ओर रुख किया और वहां भी इन्होंने बड़े समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी। बीते कुछ वर्षों से लगातार इनके स्वास्थ्य में गिरावट आता रहा और वो अस्वस्थ होते चले गए। रविवार को अचानक हृदय गति रुक जाने से उनका स्वर्गवास हो गया है। पत्रकारिता पेशे से जुड़े लोगों में शोक का लहर है। इस कड़ी में भोपाल सहित शहडोल जिले के सैकड़ो पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। अचानक आपका यूं जाना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। सीधी जिले के पत्रकारों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

शोक व्यक्त करने वाले पत्रकारों में पद्मधर पति त्रिपाठी, ब्रजेश पाठक, आरबी सिंह, नंदलाल सिंह, सचिन्द्र मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, जगन्नाथ द्विवेदी, विनोद मिश्रा, अमित सिंह, कृपा शंकर तिवारी, ओपी पाठक, बृजेश पाण्डेय, रामलखन गौतम, राम भूषण तिवारी, अरविंद सिंह, संतोष तिवारी, बद्री प्रसाद सोनी, प्रवीण तिवारी, अभिमन्यु पाण्डेय, रामभुवन द्विवेदी निवास, अखिलेश पाण्डेय चुरहट, अमित मिश्रा मड़वास, अखिलेश द्विवेदी बहरी, उमेश शर्मा कमर्जी, दया सिंह सेमरिया, हरिश्चन्द्र गुप्ता अमिलिया, रामप्रसाद कुशवाहा हिनौता, रामटहल गुप्ता कुचवाही आदि शामिल हैं।

# चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण सम्पन्न

**सीधी।** संस्कार भारती सीधी द्वारा चित्रकला एवं रंगोली (भू अलंकरण) के प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह संस्कार भारती सीधी के दिवंगत पदाधिकारियों के स्मृति स्वरूप आयोजित किया। शा.उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 सीधी के "गोड़वाना रानी दुर्गावती मंडपम", में आयोजित समारोह वरिष्ठ अधिवक्ता श्री चन्द्रमोहन गुप्त जी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष इन्द्रशरण सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मटुकधारी सिंह चौहान, यू.पी.एस. गहरवार, इंजी. आर.बी. सिंह (टाटा ग्रुप), एडवोकेट आशुतोष गुप्ता एवं पार्षद आनन्द परियानी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात संस्कार भारती सीधी के दिवंगत पदाधिकारियों स्व. मार्तण्ड प्रसाद मिश्र, स्व. अवधबिहारी श्रीवास्तव, स्व. ज्ञान सिंह (अबोध विद्यालय), स्व. कामता प्रसाद गुप्ता, स्व. उत्तरा वर्मा, स्व. सुधीर सिंह चौहान, स्व. आयूष द्विवेदी को अतिथियों एवं परिवारजनों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजति दी गई। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष हीरालाल सिंह चंदेल, श्रीमती गायत्री गुप्ता एवं अंकित सिंह चैहान द्वारा किया गया।

समारोह में ध्येयगीत एवं भजनों की प्रस्तुति दृष्टि तिवारी, स्वर्णिम द्विवेदी, शुभी सिंह, श्रुति सिंह, अंशुमान मिश्रा, अमितांजल मिश्रा, सृजन मिश्रा एवं श्लोक तिवारी द्वारा गई। कार्यक्रम में कवि डा. हरिविलास गुप्ता द्वारा संस्कार भारती सीधी के दिवंगत पदाधिकारियों पर केन्द्रित कविता पाठ किया गया। चित्रकला एवं भू अलंकरण प्रतियोगिता में नगर के 18 विद्यालयों के 180 विद्यार्थी सम्मिलित हुये। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शेष सभी प्रतिभागियों को भी सहभागिता प्रमाण-पत्र के साथ पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रसन्न कटियार कानपुर, रमेश तिवारी रीवा (गोल्डी मसाला) सर्वप्रिय तिवारी (पतंजलि) द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को बेकरी उत्पाद एवं वन-वन नूडल्स का वितरण किया गया। अनुकल्प ट्रेडर्स रामपुर नैकिन द्वारा पुरस्कार हेतु स्टील के प्लेट उपलब्ध कराये गये।

समारोह में क्षेत्र प्रमुख अनिल जोशी, प्रान्त महामंत्री धनराज गुप्ता, जिलाध्यक्ष हीरालाल सिंह चंदेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा रामबली पाण्डेय, चित्रकार/मूर्तिकार श्रीकान्त सिंह, संजीव श्रीवास्तव, श्रीमती अजीता द्विवेदी, करणी सेना अध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह चंदेल शिब्बू, इन्द्रवती नाट्य समिति के संगकर्मी रोशनी मिश्रा, रजनीश जायसवाल, प्रजीत साकेत, इंजी अशोक कुमार मिश्रा, विभाग संयोजक सुभाष मिश्रा, एडवोकेट स्नेहलता तिवारी, लोक कलाकार अरविंद जायसवाल, मीरा सिंह, अन्नू पाण्डेय सहित प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों के अभिभावतक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गैर कृषि आधारित नवीन उद्यम स्थापना को प्रोत्साहित करने प्रशिक्षण आयोजित



**सीधी।** मध्य प्रदेश के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सीधी अंतर्गत ग्राम स्तर पर स्व सहायता समूह सदस्यों को गैर कृषि आधारित नवीन उद्यम स्थापना को प्रोत्साहित किए जाने के संबंध में 30 एवं 31 दिसंबर 2024 को (दो दिवसीय) गैर कृषि सीआरपी/उद्यम सखी विषय पर प्रशिक्षण एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र सीधी में आयोजित किया गया।

उक्त प्रशिक्षण में प्रतिभाग किए गये उद्यम सखियों को गैर कृषि आधारित उद्यम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जिससे संबंधित उद्यम सखियां अपने कार्य क्षेत्र अंतर्गत स्व सहायता समूह सदस्यों को गैर कृषि आधारित उद्यम स्थापित किए जाने के संबंध में आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान कर सके। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में डायरेक्टर आरसेटी द्वारा उद्यम स्थापना एवं सफल उद्यमी बनने के गुण तथा बैंकिंग सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण समापन के अवसर पर श्री पुष्पेंद्र सिंह जिला परियोजना प्रबंधक एस.आर.एल.एम. सीधी, डायरेक्टर आर सेटी श्री शिवेंद्र चौधरी, मुख्य प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोपाल दास एवं श्री शैलेंद्र द्विवेदी जिला प्रबंधक लघु उद्यमिता विकास उपस्थित रहे।

# पूजा पार्क में रामकथा 3 जनवरी से होगी



**सीधी।** स्थानीय पूजा पार्क में विगत 20 वर्षों से चलने वाली संगीतमय कथा इस वर्ष भी 3 जनवरी 2025 से लेकर 11 जनवरी 2025 तक होगी। यह कथा जिसके लोक प्रिय कथा व्यास पं बाला व्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक होते हैं प्रतिदिन 2 बजे से 6 बजे तक अपनी अमृतमयी वाणी से श्रृद्धालु भक्तों को लाभान्वित करेंगे। श्रीकृष्ण रसामृत सेवा समिति सीधी की अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी सिंह, संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा तथा सचिव डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस साहित्यकार ने सभी श्रोताओं से पहुँचने तथा ज्ञान गंगा में गोता लगाने की अपील की है। राम कथा की मंगल कलश यात्रा 3 जनवरी को ठीक 2 बजे से फूलमती मंदिर अमहा सीधी से बाजे गाजे के साथ चलकर पूजा पार्क आयेगी। इस वर्ष भारतीय ज्ञान परम्परा और रामकथा पर आधारित कथा व्यास बाला व्यंकटेश महराज के श्रवणीय व्याख्यान प्रतिदिन 2 बजे से 6 बजे तक होंगे। यह 9 दिवसीय राम कथा यूट्यूब के माध्यम से बाला व्यंकटेश महराज चैनल में भी सुनी जा सकेगी।

## उपार्जित धान का परिवहन समय-सीमा में नहीं करने पर परिवहनकर्ता को नोटिस जारी

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा उपार्जित धान के परिवहन में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण सूरज द्विवेदी परिवहनकर्ता जिला सीधी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। कारण बताओ सूचना पत्र का 03 दिवस के भीतर लिखित रूप से कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) जिला सीधी में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समयावधि में जवाब प्रस्तुत न होने पर संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

# महुअरिया पंचायत में बाड़े के नाम पर सरपंच-सचिव कर रहे फर्जीवाड़ा

सीधी

जिले के जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र महुअरिया के ग्राम आमडीहा में पंचायत द्वारा वर्तमान विधायक एवं जिला सीईओ के आदेश के बाद मवेशियों के लिए संचालित हो रहे बाड़े में मवेशियों को खाने के लिए चारे भूसे का कोई इंतजाम पिछले 5 महीने से नहीं किया गया है और ना हीं काम कर रहे दो मजदूरों को हर महीने मजदूरी पंचायत द्वारा दी जा रही है वहीं दोनों मजदूरो का कहना है कि हम लोगों के द्वारा पिछले 5 महीने से मवेशियों को सुबह से शाम तक जंगल में चराया जाता है और रात को ला कर बाड़े में बेड दिया जाता है लेकिन इन्हें खाने के लिए 5 महीने से पंचायत द्वारा भूसे एवं चारे की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ठंड का मौसम है कल बारिश भी हो रही थी जिसके वजह से दो मवेशियों की ठंड एवं भूख के कारण मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद भी उन्हें पंचायत द्वारा नहीं हटाया गया। हम लोगों ने स्वयं उठाकर के मृतक मवेशियों को हटाया है। मवेशियों के लिए संचालित हो रहे बाड़े में काम करने के लिए पंचायत द्वारा हमें 9000 महीने में रखा गया था लेकिन दो महीने की मजदूरी 6000 के हिसाब से 12000 पंचायत द्वारा दी गई है। 3 महीने से हमें कोई मजदूरी नहीं दी गई है। जिससे परिवार चलाने में काफी समस्या हो रही है। जब हम लोगों के द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच से मजदूरी मांगी जाती है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि अभी समय लगेगा अभी बजट नहीं है। बजट आएगा तो तुम सबकी मजदूरी दिया जाएगा। जबकि विधायक जी बोले थे कि सभी मजदूरों को 300 रुपए के हिसाब से उन्हें मजदूरी देनी है लेकिन हमें पंचायत द्वारा 6000 ही दिया जा रहा है और पंचायत खाते से हम लोगों के नाम पर 9000 रुपए की राशि निकाली जाती है।

इस संबंध में कन्हई यादव ने कहा कि मैं ग्राम पंचायत अमडिहा का निवासी हूं और इसी पंचायत में बने पंचायत द्वारा संचालित हो रहे गोवंश के लिए बाड़े में देखरेख एवं चरवाहे का काम करता हूं। मुझे 9000 रुपए महीने के हिसाब से पंचायत सरपंच द्वारा रखा गया है लेकिन 5 महीने से सिर्फ दो महीने का मजदूरी 6000 के हिसाब से मिली है।

जिससे हमारे परिवार को चलाना मुश्किल हो रहा है और ना ही पंचायत के द्वारा गायों के लिए चार-भूसा की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कलेक्टर से कहना चाहूंगा की गायों के लिए भूसा एवं पिअरा की व्यवस्था एवं गायों को छांया की व्यवस्था करवाई जाय और मेरी मजदूरी समय-समय पर पूरी दिलवाने की कृपा करें।

इस संबंध में कैलाश बंसल ने कहा कि मैं बाड़े में देखरेख एवं गायों को चराने का काम करता हूं। ग्राम पंचायत द्वारा 9000 रुपए महीने की मजदूरी में रखा गया था, लेकिन 5 महीने से देखरेख एवं गाय चराने का काम कर रहा हूं। दो महीने का 6000 रुपए के हिसाब 12000 रुपए मजदूरी मिली है। बाकी मजदूरी अभी तक नहीं मिली है और बाडे में रह रहे गायों के लिए खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं करवाई गई है ना भूसे की कोई इंतजाम पंचायत के द्वारा पिछले 5 महीने से किए गए हैं। बाड़े में छाया न होने के कारण और खाने की कोई व्यवस्था न होने के कारण दो गायों की ठंड और भूख से मृत्यु हो गई।

# जिला जेल में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर



सीधी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव पाण्डेय के द्वारा दिनांक 31.12.2024 को जिला जेल सीधी का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव पाण्डेय द्वारा उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना की जानकारी दी गई। बंदियों से उनकी समस्या पूछी गई जिसमें उनके द्वारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होना बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल से सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा जिला जेल सीधी में आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) एवं बोरिंग की व्यवस्था की जावेगी जिससे बंदियों को शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। उक्त शिविर में सीधी जिले के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश श्रीवास्तव, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सोनू जैन, श्रीमती शोभना मीणा, श्री कपिल देव काछी जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, जेल अधीक्षक आरएस सिंह, उप जेल अधीक्षक कृष्णकांत तिवारी सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण तथा जिला जेल सीधी के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# युद्ध की आग में झुलसते जा रहे लोग

हमास के हमले के बाद शुरू हुए इजराइली आक्रमण का खमियाजा फिलिस्तीन के हजारों नागरिक भुगत रहे हैं। इजराइल का दावा है कि वह चरमपंथी समूहों पर हमले कर रहा है, लेकिन सच यह है कि इसकी चपेट में ज्यादातर नागरिक ही आ रहे हैं। अब तक लगभग पैंतालीस हजार फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। हजारों लोग घायल हो चुके हैं। इजराइल वहां मानवीय सहायता भी पहुंचने नहीं दे रहा। ऐसे में हमले से बचे लोग और खासतौर पर बच्चे भुखमरी, रोग और ठंड के शिकार हो रहे हैं।बड़ी संख्या में महिलाओं-बच्चों और बुजुर्गों को शरणार्थी शिविरों में पनाह लेनी पड़ी है। दुखद यह है कि हवाई हमलों के कारण आम लोगों के शरण लेने वाले शिविर भी सुरक्षित नहीं रहे। इजराइल के हवाई हमले में स्कूल, अस्पताल और नागरिक ठिकाने भी चपेट में आए हैं, जबकि इन जगहों पर हमला नहीं करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों में स्पष्ट निर्देश है।कुछ समय पहले एक धार्मिक स्थल पर सैन्य हमले में पांच लोग मारे गए थे। उस समय वहां कई विस्थापित लोगों ने शरण लिया हुआ था। बुधवार को भी गाजा पट्टी में अस्पताल के बाहर हवाई हमले में पांच पत्रकारों की मौत हो गई। यानी इजराइल अपने प्रतिशोध में अब पत्रकारों को भी नहीं बख्श रहा है।यह समझना मुश्किल है कि इतनी बड़ी तादाद में आम लोगों के मारे जाने के बावजूद इजराइल युद्धविराम के किसी भी नियम-कायदे को मानने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं और न ही शांति प्रयास की किसी पहल में उसकी रुचि है। उसकी लगातार नाकाबंदी के कारण भोजन-पानी और दवाओं के अभाव में फिलिस्तीनी रोज मर रहे हैं। भीषण रक्तपात के बावजूद अमेरिका सहित दुनिया के बड़े देशों ने अपनी आंखें मूंद ली हैं।इस समय गाजा के रिहाइशी इलाके और सड़कें वीरान हैं। लोग बिजली-पानी के बिना जी रहे हैं। गाजा अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा है। हैरत है कि मानवाधिकार हनन के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले देश भी इजराइल के खिलाफ आगे नहीं आ रहे। ऐसे में शांति प्रक्रिया कैसे शुरू होगी? प्रतिशोध की आड़ में इजराइल कब तक तबाही मचाता रहेगा? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि प्रतिशोध की आग में बहुत कुछ जल जाता है, लेकिन युद्ध के बाद हल का रास्ता शांति और संवाद से ही निकल सकता है।

**चीन और पाक मिलकर बांग्लादेश को भारत के खिलाफ खड़ा करना चाहते हैं, ताकि वे हमें पूरब और पश्चिमी दोनों तरफ से घेर सकें। बांग्लादेश में तो यहां तक सुर उठने लगे हैं कि उसे पाकिस्तान से परमाणु तकनीक लेनी चाहिए। अगर बांग्लादेश को परमाणु तकनीक मिल भी जाती है तो भी उसे नुकसान ही होगा, क्योंकि ऐसा होने पर पश्चिमी देशों का भयंकर प्रतिबंध उसे झेलना पड़ सकता है। इतना ही नहीं ऊपर दिए आंकड़े भी साफ कहते हैं कि भारत से दुश्मनी करके बांग्लादेश का अस्तित्व बिना किसी हथियार के ही बिखर जाएगा, क्योंकि भुखमरी, बेरोजगारी और महंगाई किसी भी युद्ध से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। भारत पर बांग्लादेश की निर्भरता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उसकी 94 फीसदी सीमा भारत से लगी हुई है।**

# हम तो डूबे सनम तुम्हे भी लेकर डूबेंगे: बांग्लादेश व पाकिस्तान की यारी

**अशोक भाटिया**

कहते हैं 'डूबने को बचाने कोई तिनका आएगा, जो खुद डूबना चाहे उस तिनके को कौन बचाएगा।' कुछ ऐसे ही हालात आजकल बांग्लादेश के हो गए हैं। साल 1971 में जब बांग्लादेश डूब रहा था तो भारत ने अपना पैसे, हथियार और सैनिक सभी दांव पर लगाकर उसकी रक्षा की और आजादी दिलाई। तब बांग्लादेश डूब रहा था और भारत ने उसे बचा लिया। पर आज बांग्लादेश डूबना चाहता है, तो भला उसे कौन बचा सकता है। अगस्त में जबसे शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हुआ और भारत विरोधी ताकतों ने कब्जा जमाया है, तबसे बांग्लादेश के दुर्दिन शुरू हो गए हैं। दुनियाभर के एक्सपर्ट यही कहते हैं कि भारत अगर चाह ले तो बांग्लादेश बिना किसी हथियार के ही बर्बाद हो जाएगा, लेकिन फिर भी यह पड़ोसी मुल्क खुद डूबना चाहता है तो कोई क्या करे। भारत के साथ पंगे लेना बांग्लादेश के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है। बात आगे बढ़ी तो बांग्लादेश भारत का एक झटका नहीं झेल पाएगा। बांग्लादेश अभी भी कई खाने-पीने समेत दूसरी कई चीजों को लेकर भारत पर बहुत निर्भर है। अगर बांग्लादेश भारत से दूरी बनाता है तो यह उसकी अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक हो सकता है। किंग्स कॉलेज लंदन में अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर हर्ष पंत का कहना है कि बांग्लादेश की महंगाई को भारत ने ही थाम रखा है। भारत से जिस कीमत पर सामान बांग्लादेश में पहुंचता है, उस कीमत पर दुनिया का कोई भी देश उसे नहीं दे सकता है। चाहे चीन हो या पाकिस्तान, बांग्लादेश में सामान पहुंचाने के लिए बंगाल की खाड़ी के रास्ते आएंगे, जो काफी खर्चीला और जोखिम भरा है। बावजूद इसके बांग्लादेश ने हाल में करीब 25 हजार टन चीनी पाकिस्तान से मंगाई है। अब सवाल ये उठता है कि जो पाकिस्तान खुद बदहाल है, वह कम कीमत पर बांग्लादेश को कब तक और कितनी मदद पहुंचा सकता है। बांग्लादेश भारत से गेहूं, प्याज, लहसुन, कपास, अनाज, पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक, स्टील आदि चीजें खरीदता है और काफी हद तक भारत पर ही निर्भर है। वहीं दूसरी ओर भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत और बांग्लादेश के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 16 बिलियन डॉलर था। इसमें बांग्लादेश का निर्यात करीब 2 बिलियन डॉलर था। अगर बांग्लादेश भारत के साथ संबंध बिगाड़ कर उसे बहुत बड़ा व्यापारिक घाटा होगा। जैसी की कहावत है कि दूसरों का घर जलाकर हाथ सेंकना भी दुश्मनी का एक हुनर है और इसी कहावत को पाकिस्तान आजकल बांग्लादेश पर आजमा रहा है। चीन और पाक मिलकर बांग्लादेश को भारत के खिलाफ खड़ा करना चाहते हैं, ताकि वे हमें पूरब और पश्चिमी दोनों तरफ से घेर सकें। बांग्लादेश में तो यहां तक सुर उठने लगे हैं कि उसे पाकिस्तान से परमाणु तकनीक लेनी चाहिए। अगर बांग्लादेश को परमाणु तकनीक मिल भी जाती है तो भी उसे नुकसान ही होगा, क्योंकि ऐसा होने पर पश्चिमी देशों का भयंकर प्रतिबंध उसे झेलना पड़ सकता है। इतना ही नहीं ऊपर दिए आंकड़े भी साफ कहते हैं कि भारत से दुश्मनी करके बांग्लादेश का अस्तित्व बिना किसी हथियार के ही बिखर जाएगा, क्योंकि भुखमरी, बेरोजगारी और महंगाई किसी भी युद्ध से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। भारत पर बांग्लादेश की निर्भरता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उसकी 94 फीसदी सीमा भारत से लगी हुई है। दोनों देशों की 4,367 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो बांग्लादेश की कुल अंतरराष्ट्रीय सीमा का 94 फीसदी है। जाहिर है कि बिना भारत के सहयोग के उसका व्यापार चल नहीं पाएगा। पाकिस्तान के बहकावे में आकर उसने भारत का विरोध तो शुरू कर दिया है और चीन व पाकिस्तान उसे व्यापार करने का प्रलोभन भी दे रहे, लेकिन बांग्लादेश तक पहुंचने के एकमात्र रास्ते बंगाल की खाड़ी के जरिये वहां सामान भेजना मुश्किल तो होगा ही महंगा भी बहुत पड़ेगा। 94 फीसदी सीमा साझा कर बांग्लादेश सामरिक और सुरक्षा की दृष्टि से तो पूरी तरह भारत पर निर्भर है ही, इसके अलावा कपास, लहसुन, प्याज, गेहूं, चावल, चीनी, अनाज, पेट्रोल-डीजल, इलेक्ट्रिक उपकरण, प्लास्टिक और इस्पात के लिए भी उसका एकमात्र साथी भारत ही है। अगर भारत ने इन चीजों के निर्यात से मुंह मोड़ लिया तो उसकी बर्बादी तय है। रही बात भारत के लिए बाजार की तो उसकी भरपाई दूसरे रास्तों से हो जाएगी। दक्षिण एशिया में भारत और बांग्लादेश सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। 2022-23 में दोनों देशों का कुल व्यापार करीब 16 अरब डॉलर का था, जिसमें बांग्लादेश से निर्यात महज 2 अरब डॉलर और भारत से 14 अरब डॉलर था। जाहिर है कि भारत के सामानों पर बांग्लादेश की निर्भरता किस कदर है, यह बात किसी से छुपी नहीं है।बांग्लादेश ने अगस्त से अब तक कितना नुकसान उठाया इसकी बानगी आंकड़े खुद पेश करते हैं। शेख हसीना के कार्यकाल में साल 2009 से जुलाई 2024 तक बांग्लादेश की जीडीपी की विकास दर 6.13 फीसदी रही, जिसे अब मूडीज और एडीबी जैसी रेटिंग एजेंसियों ने 5 फीसदी से भी नीचे का अनुमान लगाया है। उसकी जीडीपी जहां 455 अरब डॉलर तक पहुंच गई थी और प्रति व्यक्ति आय 2,784 डॉलर तक, वहीं अगस्त से अब तक महज 4 महीने में ही बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को करीब 2 लाख करोड़ रुपये की चपत चल चुकी है। देखा जाय तो पाकिस्तान के प्रति बांग्लादेश का ये प्रेम दरअसल शेख हसीना के विरोध में कुछ ज्यादा उमड़ रहा है। बांग्लादेश की सरकार इस वक्त शेख हसीना के विरोध में इस कदर बौखलायी हुई है कि उसको पाकिस्तान के दिए हुए घाव भी याद नहीं हैं। उसको भारत दिख रहा है। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार भले ही 1971 के पाकिस्तानी अत्याचार को भूल गई हो, लेकिन मानव इतिहास उसको भूल नहीं पाएगा। बांग्लादेश को याद रखना चाहिए कि आज का बांग्लादेश 1971 की शुरुआत में पाकिस्तान का हिस्सा था और इसे पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था। 1970 में पाकिस्तान में हुए चुनाव में पूर्वी पाकिस्तान के शेख मुजीबुर्रहमान की पार्टी ने जीत हासिल की, लेकिन पश्चिमी पाकिस्तान के नेता और फौजी अधिकारी पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लाभाषी शेख मुजीब को सत्ता सौंपने को हरगिज तैयार नहीं थे।

पश्चिमी पाकिस्तान के फौजियों ने पूर्वी पाकिस्तान की महिलाओं से बलात्कार किया। एक अनुमान के मुताबिक, पूर्वी पाकिस्तान में करीब चार लाख महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ था। पूर्वी पाकिस्तान के आम लोग बात बात पर ना सिर्फ मारे पीटे जाते थे, बल्कि उनकी सामूहिक हत्या तक हुई। तब बांग्लादेश से लाखों लोग भारत की तरफ भागने लगे, जिसके लिए पाकिस्तानी फौज ने हजारों लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। उस वक्त करीब दस लाख लोग भारत चले आए थे। लेकिन शेख मुजीबुर्रहमान पाकिस्तानी फौज के सामने झुके नहीं। उनके संघर्ष और उस संघर्ष को भारत से मिली मदद से पूर्वी पाकिस्तान को आजादी मिली। और 16 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश के रूप में दुनिया के नक्शे पर एक नए देश का उदय हुआ। लेकिन आज बांग्लादेश पर कट्टरपंथियों का दबाव और प्रभाव इतना बढ़ गया है कि उसने आम नागरिकों के दिलो दिमाग में जहर भरना शुरु कर दिया है।

# रहस्यों से भरा है उत्तराखंड का ये खूबसूरत हिल स्टेशन, कहा जाता है 'परियों का देश'



**(अनन्या मिश्रा)**

नए साल में अगर आप भी शहर के शोर-शराबे से दूर किसी शांत वातावरण में सुकून के दो पल बिताना चाहते हैं, तो आज हम आपको उत्तराखंड की एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बेहद खूबसूरत होने के साथ-साथ रहस्यमयी भी है। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है और इस राज्य में घूमने के लिए एक से बढ़कर एक कई बेहतरीन जगहें हैं। इस राज्य की खूबसूरती को पास से देखने के लिए न सिर्फ देश बल्कि विदेशों से भी टूरिस्ट्स की अच्छी खासी तादाद आती है। लेकिन कई बार हम सभी इस खूबसूरत जगहों के पीछे छिपे रहस्यों को जानकर हैरान रह जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी शहर के शोर-शराबे से दूर किसी शांत वातावरण में सुकून के दो पल बिताना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड की एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बेहद खूबसूरत होने के साथ-साथ रहस्यमयी भी है।

**जन्नत से की जाती है तुलना**

उत्तराखंड में स्थित इस छोटे से हिल स्टेशन की खूबसूरती की तुलना स्वर्ग से की जाती है। इस हिल स्टेशन का नाम खैट पर्वत है। खैट पर्वत को 'परियों का देश' भी माना जाता है। ऐसे में आप भी बेहद कम बजट में उत्तराखंड के गढ़वाल जिले में स्थित थात गांव के इस हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करने के लिए आ सकते हैं।

**रहस्यों के लिए भी फेमस है ये जगह**

यहां पर रहने वाले स्थानीय लोगों की मानें, तो इस जगह पर परियां दिखती हैं। बताया जाता है कि इस जगह पर नजर आने वाली परियां थात गांव की रक्षा भी करती हैं। तो वहीं कुछ लोग इन परियों को योगिनियां और वनदेवियां भी कहते हैं। वहीं इस गांव के पास स्थित खैटखाल मंदिर को भी बेहद रहस्यमयी माना जाता है।

**यहां जून में लगता है मेला**

आपको बता दें कि इस गांव में जून के महीने में मेले का आयोजन किया जाता है। हरियाली से घिरा ये गांव आपका तनाव दूर करने में सहायक हो सकती है। वहीं अगर आप चाहें तो यहां पर कैंपिंग भी कर सकते हैं। हालांकि इस बेहद खूबसूरत गांव में शाम को 7 बजे के बाद कैंप से बाहर निकलने की परमिशन नहीं है। इसके अलावा यहां पर म्यूजिक बजाने पर भी रोक है, माना जाता है कि परियों को शोर-शराबा पसंद नहीं है।

## खिलाड़ियों के लिए कैसा रहा साल 2024

# इस साल हार्दिक पंड्या से लेकर सानिया मिर्जा सहित इन खिलाड़ियों को मिला दुख

**एक के सिर से छिन गया पिता का साया**

**(कुसुम)**

कई भारतीय तो कई विदेशी खिलाड़ियों के लिए पीड़ादयाक रहा। समस्योओं के बाद भी कुछ खिलाड़ियों ने खुद को मजबूती से खड़ा किया और वापस अपने जीवन को ट्रैक पर लाए। इनमें तीन खिलाड़ी हार्दिक पंड्या, सानिया मिर्जा और पाकिस्तान किया सना फातिमा हैं जिन्होंने कई दुख झेले हैं।

साल 2024 अपनी समाप्ति की ओर बढ़ रहा है और नया साल 2025 आने वाला है। खेल जगत में इस वर्ष हलचल देखने को मिली। जहां टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया। तो ओलंपिक और पैरालंपिक में भी भारत की तरफ से धाकड़ प्रदर्शन देखने को मिला। ये साल कई खिलाड़ियों के लिए बेहद अच्छा रहा। तो कुछ खिलाड़ी ऐसे भी रहे जिन्हें इस साल दुख झेलने को मिला।

ये साल कई भारतीय तो कई विदेशी खिलाड़ियों के लिए पीड़ादयाक रहा। समस्योओं के बाद भी कुछ खिलाड़ियों ने खुद को मजबूती से खड़ा किया और वापस अपने जीवन को ट्रैक पर लाए। इनमें तीन खिलाड़ी हार्दिक पंड्या, सानिया मिर्जा और पाकिस्तान किया सना फातिमा हैं जिन्होंने कई दुख झेले हैं।

**सानिया मिर्जा-** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के लिए ये साल कहीं से भी अच्छा नहीं रहा। इस साल सानिया को हार्ट ब्रेक से गुजरना पड़ा। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक के साथ 2010 में शादी के बाद सानिया मिर्जा का तलाक हो गया और दोनों के रास्ते अलग हो गए। सानिया ने इस दर्द को कैसे झेला होगा, ये खुद ही जानती हैं। हालांकि इस मुश्किल समय में फैंस ने उन्हें काफी सपोर्ट किया।

**हार्दिक पंड्या-** वहीं टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का ये साल शुरुआत से अच्छा नहीं रहा। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कमान मिलने के बाद फैंस ने लगातार उन्हें ट्रोल किया। उसके बाद इस सीजन में मुंबई को बेहद खराब प्रदर्शन के कारण बड़ी नकामयाबी देखने को मिली। ये सब खत्म भी नहीं हुआ था कि उनका घर भी टूट गया। दरअसल, उनकी अपनी पत्नी नताशा से राहें अलग हो गईं। 2020 में शादी करने वाली सर्बियन मॉडल और एक्टर नताशा स्टैनकोविक के साथ उनकी नहीं बनी। दोनों का तलाक हो गया। दोनों ने इसकी घोषणा की।

**सना फातिमा-** वहीं पाकिस्तान की महिला टी20 टीम की कप्तान सना फातिमा के लिए भी ये साल अच्छा नहीं रहा। सना के पिता का हाथ उनके ऊपर से हमेशा के लिए उठ गया। इस साल टी20 वर्ल्ड जैसा अहम टूर्नामेंट खेल रही सना को बीच टूर्नामेंट को छोड़कर जाना पड़ा। सना के पिता का निधन हो गया। हालांकि, सना को खुद को कमजोर नहीं होने दिया और टूर्नामेंट के लिए बीच में वापसी की।

## वर्ग पहेली 5599

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | | ■ |
| 6 | | | ■ | 7 | | ■ | 8 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 9 | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 |
| 18 | ■ | ■ | 19 | | | 20 | |
| 21 | | | | ■ | 22 | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस भारतीय भौतिक वैज्ञानिक ने 12 अगस्त को जन्म लिया था (7)
6. दुर्भाग्य, दुर्दशा, संकट (3)
7. एक प्रकार का फल जो भगवान के भोग निमित्त चढ़ाया जाता है, कदली (2)
9. तिब्बत के बौद्धों के धर्माचार्य, घास खाने और पागुर करने वाला एक जंतु जो ऊंट जैसा होता है (2)
10. मुंशी, लिखने वाला, लेखक (3)
12. एक प्रकार का मंगल वाद्य, नफीरी (4)
13. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता और श्रोता के अतिरिक्त निकटवर्ती सभी संज्ञाओं या बातों के लिए होता है (2)
14. इस देश को म्यांमार कहा जाता है (2)
15. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
19. यह एक दिवंगत पूर्व में दस्यु रह चुकी थीं (5)
21. उथल-पुथल, भागदौड़, संचलन (4)
22. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)

**ऊपर से नीचे**

1. महाकाय, भीम, गजकाय (5)
2. तारतम्य, रूटीन, विन्यास, करीना (2)
3. स्वार्थ, खुदगर्जी, प्रयोजन (4)
4. भारत का प्रथम अंतरिक्ष यात्री (5)
5. बरछा, बल्लम, नेजा, पाषाणी (2)
8. श्रमादि करके कमाया हुआ धन (3)
9. उपस्थित करना, ले आना, लिवाना (2)
11. तिगुना, तीन बार उतना ही (3)
14. जंगली मेवा (4)
16. निर्मित होना, निर्माण होना, पनपना (3)
17. यह उत्तर भारत में बहने वाली महत्वपूर्ण नदी है इसका पौराणिक नाम परूष्णी है (2)
18. एक प्रशंसासूचक शब्द (2)
20. प्रदत्त करना, प्रदान करना (2)

**वर्ग पहेली 5598 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | दी | रा | म | बो | स | ■ | रा |
| द | म | न | शी | ल | ■ | व्यो | म |
| ■ | क | ■ | न | वा | ना | ■ | च |
| ता | ■ | ब | ग | ल | ■ | वा | रि |
| क | न्या | दा | न | ■ | आ | द | त |
| त | व | ■ | ■ | मा | शा | ■ | मा |
| ■ | क | मा | ल | ■ | ती | ज | न |
| क | र्ता | ■ | ब | हु | त | ■ | स |

# शिकागो मैराथन देख आया ख्याल, क्यों न अपने गांव में कुछ ऐसा किया जाए

**(पूनम बिष्ट)**

कहते हैं, पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आती मगर अमेरिका के शिकागो में रह रहे विक्रम नेगी ने साबित कर दिया है कि जवानी में मौका न मिला तो क्या, आप बुढ़ापे की दहलीज पर आकर भी पहाड़ के लिए कुछ कर सकते हो। 65 साल के विक्रम नेगी दशकों पहले अमेरिका में बसने के बाद भी उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के अपने गांव कल्वाड़ी के लोगों के साथ मिलकर हर साल मैराथन का आयोजन करवा रहे हैं। इसमें जीतने वालों को अच्छी खासी रकम तो मिलती ही है, पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए रेस रखी जाती है।

विक्रम नेगी बताते हैं, कल्वाड़ी मैराथन साल में एक बार होती है। इस बार 12 जनवरी को होगी। ठेठ पहाड़ी इलाके में होने वाली इस मैराथन में 16 साल या उससे ऊपर के लोग हिस्सा ले सकते हैं। पुरुषों के लिए 12 किलोमीटर और महिलाओं के लिए 6 किलोमीटर की रेस होती है। इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागी की उत्तराखंड की रिहाइश होनी जरूरी है। प्रथम विजेता को 51 हजार रुपये का पुरस्कार मिलता है जबकि इसके अलावा नौ अन्य लोगों को भी पुरस्कार मिलता है।

अब तक का एक्सपीरियंस कैसा रहा, इस सवाल पर विक्रम बताते हैं, पिछली बार 300 से लेकर 400 लोगों ने मैराथन में हिस्सा लिया था, जिनमें कई पेशेवर एथलीट भी थे। लोग पहाड़ी ही नहीं, देहरादून, रुड़की जैसे मैदानी इलाकों से भी इसमें भाग लेने आए थे। तब ज्यादातर लोग वॉट्सऐप के माध्यम से जानकारी पाकर आए थे। यह मैराथन का तीसरा साल है और इससे भी अच्छे रेस्पॉन्स की उम्मीद कर रहे हैं।

उत्तराखंड से जुड़ी आपकी यादें किस तरह की हैं? इस सवाल पर विक्रम नेगी बताते हैं - आठवीं तक की पढ़ाई मेरी गांव में ही हुई। फिर शहर आकर बाकी की पढ़ाई पूरी की। यहां सरोजनी नगर में भी रहे। प्रतियोगी परीक्षा देकर सरकारी सेवा में आया और 1995 में जॉब छोड़कर अमेरिका में बसने का फैसला किया।

पहाड़ी गांव में मैराथन का आइडिया कैसे आया, क्या सोच थी इसके पीछे, इस सवाल पर विक्रम नेगी बताते हैं - 1977 में जब मैं सरोजिनी नगर में रहता था, तब से ही रनिंग कर रहा हूं। मेरे दादाजी स्वर्गीय केशर सिंह नेगी ने दिल्ली के प्रतिष्ठित गढ़वाल हीरोज फुटबॉल क्लब को शुरू किया था। यूएस में बसा तो दुनिया की सबसे बड़ी मैराथन में से एक शिकागो मैराथन में दो बार मैंने हिस्सा लिया। यूएस में रहकर देखा कि यहां पर लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने के लिए मैराथन, खेल प्रतियोगिताएं खूब की जाती हैं। यह लोगों को एक्टिव रखने और मेलजोल का अच्छा माध्यम है।

यहीं से ख्याल आया कि क्यों न उत्तराखंड के पहाड़ों पर जहां कि मेरी पैतृक भूमि है, वहां खाली हो रहे गांवों में चहल-पहल बढ़ाने की कोशिश हो। इस मैराथन के बहाने ही गांव में लगभग हर घर के किवाड़ खुलते हैं। मैराथन के बहाने लोग अब गांव आ रहे हैं। मेरे गांव के अपने मोहल्ले में ही बीते दो साल में ही 20-25 नए मकान बन रहे हैं। यह गांव को लेकर सोच में आ रहे बदलाव को दिखाता है।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज नया वर्ष के प्रथम दिन जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होने से करियर के लिए हौसला मिलेगा। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। कार्यक्षेत्र में तभी आपको लाभ हो सकता है। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष के करियर की तरफ से निराशाजनक समाचार मिल सकता है।

**वृष**

आज राजनीति के क्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। सरकार और सत्ता का साथ मिलेगा। नए साल में कही धार्मिक स्थल का भ्रमण के आसार हैं। बिजनेस में नए समझौतों से आपका पद और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बुरे लोगों से मिलने से परेशानी हो सकती है। बच्चों की तरफ से थोड़ी राहत मिलेगी।

**मिथुन**

आज व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। नए साल में संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। सांयकाल में कोई रूका कार्य पूरा होगा। बिजनेस में आपको नई डील्स का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**कर्क**

आज नए साल आरंभ पर कोई उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। करियर के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। करियर के मामले में यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदायक रहेगी।

**सिंह**

आज वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। नए साल पर किसी मनोरंजक स्थान पर जाने का मौका मिलेगा। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सूर्य आपका भाग्य प्रबल करेंगे। धन प्राप्ति का योग बनेगा। बिजनेस में कोशिश आपको सफलता दिलाएगी।

**कन्या**

आज बुध सुख की वृद्धि कर रहा हैं। नए साल में परिवार के साथ मौज मस्ती करेंगे। नौकरी-व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष के करियर संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

**तुला**

आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। बाहर जाते समय सर्तकता बरते। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। कार्यस्थल पर विरोधियों का पराभव होगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके बिजनेस के नाम रहेगा। परिवार के साथ सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको बिजनेस में तरक्की होगी। आज नौकरीपेशा लोगों को कुछ नए ऑफर मिल सकते हैं। आमदनी के नए स्त्रोत बनेंगे। कार्यस्थल पर बड़े अधिकारियों का सहयोग मिलेगा

**धनु**

आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से किसी न किसी रूप में धन लाभ हो सकता है। सांयकाल से लेकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। नए साल में ईश्वर कृपा बनी रहेगी।

**मकर**

आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। करियर के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय पैसों के मामले में किसी से विवाद हो सकता है। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

**कुंभ**

आज करियर के मामले में आपको आंशिक सफलता ही मिल पाएगी। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है। कार्यस्थल पर फिर्जूल की बहस हो सकती है। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशता कारक है। करियर से जुड़ा कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मीन**

आज करियर के मामले में कुछ चिताएं होंगी। बिजनेस के मामले में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। आज लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेता दर्शन की बढ़ेगी मुश्किल, जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार रेणुकास्वामी हत्याकांड में कन्नड़ एक्टर दर्शन को जमानत देने के कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के लिए तैयार है. इसके लिए राज्य सरकार ने सोमवार को गृह विभाग को एक आदेश जारी कर सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर करने की अनुमति दे दी है. ऐसे में दर्शन के लिए नई मुसीबत खड़ी हो सकती है. सरकार ने अधिवक्ता अनिल सी निशानी को कर्नाटक सरकार के गृह विभाग के प्रमुख सचिव की ओर से सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर करने के लिए अधिकृत किया है. वहीं, उसने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को अपनी ओर से मामले में बहस करने के लिए विशेष वकील नियुक्त किया है. सरकार ने कर्नाटक सरकार के गृह विभाग के प्रधान सचिव की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के लिए अधिवक्ता अनिल सी निशानी को अधिकृत किया है, वहीं मामले में अपनी ओर से बहस करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को विशेष वकील नियुक्त किया है. बता दें कि दर्शन और उनके पुराने मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य आरोपियों को 13 दिसंबर को हाई कोर्ट ने जमानत दे दी थी. जब हाईकोर्ट ने जमानत दी, तब दर्शन पहले से ही स्वास्थ्य कारणों से अंतरिम जमानत पर थे और एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे. बेंगलुरु पुलिस ने 11 जून को अभिनेता के 33 वर्षीय फैन रेणुकास्वामी की हत्या के आरोप में मैसूर में दर्शन को गिरफ्तार किया था. उनका शव बेंगलुरु के मगदी रोड इलाके में सुमनहल्ली के पास एक नाले में मिला था. पुलिस ने पवित्रा गौड़ा को अश्लील मैसेज भेजने के लिए रेणुकास्वामी की हत्या करने के लिए दर्शन और उसके दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया था. पुलिस ने अपने आरोपपत्र में कहा था कि दर्शन ने रेणुकास्वामी को उनके पैतृक स्थान चित्रदुर्ग से अगवा कर लिया और उन्हें बेंगलुरु ले गया, जहां उन्हें तीन दिनों तक एक शेड में प्रताड़ित किया गया. आरोपपत्र में कहा गया है कि यातना सहन करने में असमर्थ रेणुकास्वामी की मृत्यु हो गई और बाद में दर्शन के कथित निर्देशों के अनुसार उनके शव को एक नाले में फेंक दिया गया।



### बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता से रोमांचित हो उठे दर्शक, विजेताओं को मिली बाइक

**पूर्वी गोदावरी, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के एडीबी रोड पर रविवार को राज्य स्तरीय बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई. प्रतिभागियों और दर्शकों ने प्रतियोगिता का खूब आनंद लिया. इसमें राज्य भर से कुल 63 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें सीनियर वर्ग के लिए 1,600 मीटर और जूनियर वर्ग के लिए 1,000 मीटर की दौड़ शामिल थी. जीएसएल अस्पताल के अध्यक्ष गन्नी भास्कर राव द्वारा गन्नी सत्यनारायणमूर्ति की छठी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई. आंध्र प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री कंडुला दुर्गेश और पूर्व मंत्री व विधायक एन. चिनाराजप्पा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया. जीएसएल अस्पताल के उपाध्यक्ष रघुरामकृष्ण राजू, विधायक आदिरेड्डी वासु और बथुला बलरामकृष्ण, आरयूडीए के अध्यक्ष बोड्डू वेंकटरमण चौधरी और पूर्व आरयूडीए अध्यक्ष गन्नी कृष्णा ने सीनियर वर्ग में विजेताओं को पुरस्कार के रूप में दोपहिया वाहन प्रदान किए. वहीं, विधायक नल्लामिल्ली रामकृष्ण रेड्डी और गन्नी भास्कर राव ने जूनियर विजेताओं को पुरस्कार दिए. इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद मार्गनी भरत के साथ-साथ पूर्व विधायक जक्कमपुडी राजा और आर. सूर्यप्रकाश राव ने भी भाग लिया. पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ के जीवंत कार्यक्रम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### स्पाडेक्स के बाद एक और उपलब्धि पर इसरो की नजर, जनवरी में लगाएगा खास शतक

**श्रीहरिकोटा, एजेंसी।** इसरो स्पेस डॉकिंग के लिए स्पाडेक्स प्रयोग कर चुका है। अब इसरो की नजर एक खास उपलब्धि पर है। असल में इसरो साल 2025 की शुरुआत एक खास शतक के साथ करने की तैयारी में है। इसरो के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसके मुताबिक इसरो जनवरी में प्रस्तावित भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) के जरिए श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से 100वां प्रक्षेपण करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर लेगा। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सोमवार को पूरा हुआ पीएसएलवी-सी60 मिशन श्रीहरिकोटा से 99वां प्रक्षेपण था। इस मिशन के तहत इसरो की 'स्पेस डॉकिंग' क्षमता प्रदर्शित करने में मदद के मकसद वाले दोनों अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक अलग हो गए और उन्हें सोमवार देर रात पृथ्वी के निचले वांछित कक्ष में स्थापित कर दिया गया है। एस सोमनाथ ने कहाकि आप सभी ने 'स्पाडेक्स' (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) रॉकेट के शानदार प्रक्षेपण को देखा और यह सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किसी यान का 99वां प्रक्षेपण था इसलिए यह एक बहुत महत्वपूर्ण संख्या है। हम अगले वर्ष की शुरुआत में 100वां प्रक्षेपण करेंगे। अंतरिक्ष विभाग के सचिव सोमनाथ ने पीएसएलवी-सी60 मिशन के तहत 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' अंतरिक्ष यान 'ए' और 'बी' को वृत्ताकार कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किए जाने के बाद इसरो के भावी प्रक्षेपणों की जानकारी दी।

# 560 काउंटर ,15 दिन पहले टिकट; महाकुंभ के लिए चलेंगी तीन हजार स्पेशल ट्रेनें

**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ के आयोजन के लिए ना केवल उत्तर प्रदेश प्रशासन बल्कि भारतीय रेलवे ने भी कमर कस ली है। प्रयागराज में गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदी के पवित्र संगम पर आगामी 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जुटा है। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक महाकुंभ के लिये क्षेत्र को तमाम सुविधाओं से लैस करने के मकसद से श्रमिकों की पूरी फौज नदियों के प्रवाह को व्यवस्थित करने, सड़कों को चौड़ा करने और घाटों को समतल करने में जुटी है। वहीं रेलवे ने महाकुंभ के लिए 3 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इसमें से 560 ट्रेने रिंग रेल रूट पर चलाई जाएंगी। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे के जनरल मैनेजर उपेंद्र चंद्र जोशी ने कहा कि आसपास के 9 रेलवे स्टेशनों पर 560 टिकटिंग पॉइंट की व्यवस्था की जा रही है। प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छेओकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूसी स्टेशन पर टिकट काउंटर बनाए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि इन पॉइंट्स से रोज करीब 10 लाख टिकट बांटे जा सकते हैं। महाकुंभ मेले को देखते हुए 15 दिन पहले टिकट लेने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि रिंग रेल रूट पर भी ट्रेनें



चलाई जाएंगी। प्रयागराज-अयोध्या-वाराणसी-प्रयागराज, प्रयागराज संगम-जौनपुर-प्रयाग-प्रयागराज, गोविंदपुरी-प्रयागराज-चित्रकूट-गोविंदपुरी और झांसी-गोविंदपुरी-प्रयागराज-माणिकपुर-चित्रकूट-झांसी रूट पर ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेलवे 10 हजार से ज्यादा नियमित और 3 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। स्पेशन ट्रेनों में करीब 1800 छोटे रूट पर और 700 ट्रेनें लंबे रूट पर चलेंगी। इसके अलावा रिंग रूट पर 560 ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा की नजरिए से 18 हजार से ज्यादा आरपीएफ और एसआरपी के जवानों को तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज जंक्शन पर 6 बेड वाले ऑब्जरवेशन रूम का सेटअप तैयार किया गया है। यहां ऑक्सीजन सिलेंडर, कंसंट्रेटर, ईसीजी मशीन, ग्लुकोमीटर, नेबुलाइजर और स्ट्रेचर की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा यात्रियों की सुरक्षा के लिए 1186 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इनमें से 116 कैमरे एआई तकनीक से चलते हैं।

**कहां से चलेंगी ट्रेनें :** अब तक जिन स्पेशल ट्रेनें की समय सारिणी सामने आई है उनमें मैसूर से लेकर कामाख्या और वलसाड़ से राजकोट तक की ट्रेनें शामिल हैं। इसमें मैसूर-दानापुर-मैसूर एक्स्परेस, कामाख्या-टूंडला-कामाख्या एक्सप्रेस, कानपुर सेंट्रल-भागलपुर, नाहरलगुन-टुंडला-नाहरलगुन, टाटानगर-टुंडला- टाटानागर, रांची-टूंडला-रांची. पटना-प्रयागराज-पटना. गया-प्रयागराज-गया, विश्वामित्री-बलिया-विश्वामित्री, वलसाड-दानापुर-वलसाड, वापी-गया-वापी, साबरमती-बनारस-साबरमती, भावनगर टर्मिनल-बनारस-साबरमती. अहमदाबाद-जंघई-अहमदाबाद, राजकोट-बनारस-राजकोट, वेरावल-बनारस-वेरावल ट्रेनें शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में इस मेगा आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और लोगों से समाज से नफरत और विभाजन को खत्म करने के संकल्प के साथ इस भव्य धार्मिक समागम से लौटने का आग्रह किया। महाकुंभ आगामी 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा से शुरू होगा और 45 दिनों के बाद 26 फरवरी को महा शिवरात्रि पर सम्पन्न होगा। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिये एक लाख 60 हजार टेंट और डेढ़ लाख शौचालयों की स्थापना की गई है और इनकी साफ-सफाई के लिए 15 हजार सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। मेला क्षेत्र में पानी की सुविधा देने के लिये 1,250 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। इसके अलावा 67 हजार एलईडी लाइट, दो हजार सोलर लाइट और तीन लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, नौ पक्के घाट, सात रिवरफ्रंट सड़कें और 12 किलोमीटर क्षेत्र में अस्थायी घाट निर्माणाधीन हैं। सात बस अड्डे भी बनाए जा रहे हैं। वहीं, क्षेत्र को सजाने के लिए 15 लाख वर्ग फुट से अधिक के भित्ति चित्र और 'स्ट्रीट पेंटिंग' बनाई गई हैं।

## हटाए जाएंगे 13 हजार पुराने वाहन, पुरानी बसों में सीएनजी सिस्टमः देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में बड़े परिवर्तन करने का ऐलान किया है। उन्होंने राज्य परिवहन विभाग के अधिकारियों से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए एआई का उपयोग बढ़ाने को कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों मे 13 हजार पुराने वाहनों को हटाया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि फडणवीस ने 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी वाहनों को हटाने की नीति लागू करने का भी निर्देश दिया। महाराष्ट्र सरकार ने गूगल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग से समझौते का उपयोग करते हुए क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एआई के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा है। मुख्यमंत्री ने सह्याद्रि अतिथि गृह में आयोजित बैठक में परिवहन, बंदरगाह और राज्य हवाई अड्डा प्राधिकरण विभागों के लिए अगले 100 दिवसीय कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी सार्वजनिक एवं निजी वाहनों को प्रयोग से हटाने की आवश्यकता पर बल दिया। विज्ञप्ति के अनुसार, 13,000 से अधिक पुराने सरकारी वाहनों को प्रयोग से हटा दिया जाएगा तथा राज्य परिवहन निगम की 15 वर्ष से अधिक पुरानी बसों को या तो प्रयोग से हटा दिया जाएगा या उनके प्रदर्शन में सुधार के लिए इन वाहनों में एलएनजी और सीएनजी किट लगाया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने राज्य की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति की योजना की भी रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसे अगले तीन वर्षों में जारी किया जाएगा। फडणवीस ने शहरों में आवागमन सुगमता को बढ़ाने के लिए परिवहन विभाग को बाइक टैक्सी और मैक्सी कैब सेवाएं शुरू करने का भी निर्देश दिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्होंने बसों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के महत्व पर बल दिया।



## ईडी का दावा, छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री लखमा ने घोटाले की रकम का किया इस्तेमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने सोमवार को दावा किया कि उसने ऐसे सबूत जुटाए हैं, जिनसे पता चलता है कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने कथित शराब घोटाले से अर्जित अपराध की आय का इस्तेमाल किया। ईडी ने धनशोधन मामले की जांच के तहत 28 दिसंबर को राज्य के रायपुर, सुकमा और धमतरी जिलों में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा के परिसरों पर छापे मारे थे। ईडी ने एक बयान में कहा कि तलाशी अभियान लखमा के आवासीय परिसर में चलाया गया जो आबकारी मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कथित तौर पर अपराध की आय के मुख्य प्राप्तकर्ता थे।

ईडी ने कहा कि तलाशी अभियान के परिणामस्वरूप, घोटाले की संबंधित अवधि के दौरान कवासी लखमा द्वारा अपराध की आय के इस्तेमाल से संबंधित सबूत जुटाए गए हैं। ईडी ने आरोप लगाया है कि लखमा को शराब घोटाले से अर्जित अपराध की आय से मासिक आधार पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलती थी। ईडी के अनुसार, राज्य में कथित शराब घोटाला 2019-22 के बीच हुआ था, जब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी।

# केजरीवाल ने 10 साल में जितना पैसा मौलवियों को दिया, वह जोड़कर पहले पुजारियों को दिया जाए : केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने पुजारियों और ग्रंथियों से वह वादा किया दिया जिसके लिए उसे पिछले कई सालों से घेरा जा रहा था। इमामों को वेतन देती आ रही आप सरकार ने अब कहा है कि यदि विधानसभा चुनाव में जीत मिली तो दिल्ली के पुजारियों और ग्रंथियों को भी 18 हजार रुपए मासिक सम्मान राशि दी जाएगी। अब तक दिल्ली सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाती रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केजरीवाल के वादे पर जोरदार प्रहार किया है। भाजपा ने इसे झूठा वादा करार देते हुए मांग की है कि पहले पुजारियों और ग्रंथियों को एरियर दिया जाए। भाजपा का कहना है कि 10 साल में जितना मौलवियों को वेतन दिया गया वह जोड़कर पहले पुजारियों और ग्रंथियों को एकमुश्त दे दिया जाए।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक्स पर एक वीडियो जारी करते हुए केजरीवाल सरकार से पुजारियों-ग्रंथियों को तुरंत एरियर देने की मांग की। उन्होंने लिखा, 10 साल तक मंदिरों के पुजारी और गुरुद्वारों के ग्रंथी उनकी सूची में थे ही नहीं, अब उन्हें ठगने का नया नाटक शुरू किया है। इमामों को 10 साल से वेतन, और हिन्दू व सिखों को दोयम दर्जे का नागरिक समझा गया। हिम्मत है तो अगले कैबिनेट में 10 साल का एरियर देकर दिखाओ। नकली सेक्युलरिज्म का खेल अब नहीं चलेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि केजरीवाल ने पहले महिलाओं को बुरबक बनाने की कोशिश की और अब दूसरों को ज्ञान देने वाले लोगों के साथ भी ऐसा ही किया जा रहा है।

गिरिराज सिंह ने कहा, केजरीवाल जी आप तो गिरगिट से भी ज्यादा रंग बदलते हैं। रंग बदलने की राजनीति में महारत पा ली। लेकिन एक दिन पहले तो दिल्ली की दीदियों को बुरबक बनाया, पोल खुल गया। अब हमारे मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारे के ग्रंथियों को बुरबक बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो दूसरों को ज्ञान देते हैं। यदि आप में हिम्मत है और सही में देना चाहते हैं तो 10 साल में जितना मौलवियों को पैसा दिया वह जोड़कर एकमुश्त एयरियर कैबिनेट में पास करके पुजारियों और ग्रंथियों को दें, तब समझूंगा कि आपको देने की इच्छा है। आखिर चुनाव आया है तब ही आपके मन में प्रश्न उठा। इससे पहले तो आपके मन में कभी नहीं आया। आप तो कभी हनुमान जी के भक्त बनते हैं कभी खुदा के भक्त बनते हैं, यह तो आपका पुराना इतिहास है।

**नकली सेक्युलरिज्म का खेल अब नहीं चलेगा :** केंद्रीय मंत्री ने कहा, नकली सेक्युलरिज्म का खेल अब नहीं चलेगा। उनका कहना था कि अरविंद केजरीवाल राजनीति में गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं और यह उनकी पुरानी आदत बन चुकी है। गिरिराज सिंह ने केजरीवाल के एक दिन पहले के बयान पर भी सवाल उठाए, जिसमें उन्होंने महिलाओं को बुडबक कहकर आलोचना की थी। गिरिराज ने कहा, कल तो आपने महिलाओं को बुडबक कहा था और अब मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारा के ग्रंथियों को बुडबक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। गिरिराज सिंह ने चुनौती देते हुए कहा, अगर आपके मन में वास्तव में कुछ देने की इच्छा है तो मौलवियों को 10 साल से जो पैसा दे रहे हैं, उसका हिसाब करके एकमुश्त हमारे पुजारियों और ग्रंथियों को एरियर दे दो। तभी समझूंगा कि आपको कुछ देने का मन है। केजरीवाल की घोषणा को गिरिराज ने चुनावी चाल और नौटंकी बताया अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में घोषणा की थी कि यदि उनकी पार्टी दिल्ली में फिर से सत्ता में आती है।

## महाराष्ट्र में भाजपा अकेले ही निकाय चुनाव लड़ने का बना रही है प्लान

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 133 सीटों पर जीत हासिल करके करिश्मा कर दिया था। महज 148 पर लड़ने वाली भाजपा ने करीब 90 फीसदी सीटों पर जीत हासिल की और महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा की यह सबसे बड़ी सफलता है। इसके पीछे आरएसएस की प्लानिंग और मेहनत को भी एक वजह माना जाता है। इस बीच आरएसएस और भाजपा ने निकाय चुनाव की तैयारियां भी तेज कर दी हैं। पार्टी के रणनीतिकारों की राय है कि निकाय चुनाव में अकेले ही उतरा जाए ताकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी के मुकाबले ताकत दिखाई जा सके। आरएसएस के लोगों की भी राय है कि भाजपा को निकाय चुनाव में अकेले ही उतरना चाहिए। रणनीतिकारों का कहना है कि इससे भाजपा को निचले स्तर तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा मुंबई, पुणे, नागपुर समेत तमाम शहरों में वह अपनी ताकत को भी आंक सकेगी। भाजपा के अलावा अन्य दल भी अकेले ही लड़ने के पक्ष में हैं। खासतौर पर महाविकास अघाड़ी में तो उद्धव सेना कई बार दोहरा चुकी है कि वह निकाय चुनाव में अकेले ही उतरेगी। उद्धव सेना के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा, पूरे



महाराष्ट्र से शिवसैनिकों की राय सामने आ रही है कि हमें अकेले ही चुनाव में उतरना चाहिए। हाईकमान तक यह बात पहुंची है।

उद्धव सेना का कहना है कि इससे हमें दो फायदे होंगे। पहला, यह कि इससे पूरे राज्य में कार्यकर्ता उत्साहित होंगे। दूसरा, पार्टी के ज्यादा से ज्यादा लोगों को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा। भाजपा ने तो रणनीति बनाना भी तेज कर दिया है। भाजपा ने अपने सभी आनुषांगिक संगठनों को सक्रिय कर दिया है। हाल ही में भायंदर में भाजपा की एक मीटिंग निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई थी। इस बैठक में सीएम देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। पार्टी के एक लीडर ने कहा कि निकाय चुनाव में आरएसएस भी सहयोग करेगा। भायंदर की मीटिंग में इसे लेकर मंथन भी हुआ है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के लोगों ने निचले स्तर पर काम किया और उसका चुनाव में हमें फायदा मिला है। बता दें कि फिलहाल महाराष्ट्र निकाय चुनाव में ओबीसी कोटे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कहा जा रहा है कि उच्चतम न्यायालय से फैसला आने के बाद कभी भी चुनाव कराए जा सकते हैं। बता दें कि बीएमसी समेत देश के 27 निकायों में चुनाव होने हैं।

## मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने की मांग, तेलंगाना विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना सरकार की तरफ से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है. इससे संबंध में तेलंगाना विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का केंद्र सरकार से आग्रह किया गया है. मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को विधानसभा ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया. साथ ही, विधानसभा में हैदराबाद में मनमोहन सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव को पारित किया गया, ताकि उन्हें एक महान नेता के रूप में याद किया जा सके, जिन्होंने नया राज्य देकर तेलंगाना वासियों की 60 वर्षों की आकांक्षाओं को पूरा किया. प्रस्ताव में कहा गया है कि वित्त मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल (1991-1996) देश के आर्थिक इतिहास में महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसमें उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण जैसे प्रमुख सुधार हुए. इससे पहले विधानसभा के विशेष सत्र में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. साथ ही भारत की प्रगति और तेलंगाना राज्य के गठन में उनके अमूल्य योगदान को स्वीकार किया गया. सिंह को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त अर्थशास्त्री बताया. डॉ. मनमोहन सिंह 2004-2014 तक प्रधानमंत्री रहे. उनके कार्यकाल में



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), सूचना का अधिकार अधिनियम, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और आधार कार्यक्रम जैसे प्रमुख सामाजिक कार्यक्रमों की शुरुआत की. प्रस्ताव में इस बात को भी रेखांकित किया कि तेलंगाना राज्य के गठन में डॉ. मनमोहन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका थी. प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान 2014 में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम संसद में पारित किया गया, जिससे लोगों की दशकों पुरानी आकांक्षा पूरी हुई. मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि राज्य के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए तेलंगाना मनमोहन सिंह का आभारी है. उन्होंने देश की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने में दिवंगत सिंह के दृष्टिकोण और नेतृत्व पर प्रकाश डाला तथा भावी पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक के रूप में उन्हें सम्मानित करने के महत्व पर बल दिया।

## ईडी अधिकारियों ने गिरफ्तारी का दिखाया डर फिर मांगी 25 करोड़ की रिश्वत; शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों का आरोप

**शिमला , एजेंसी।** राजधानी शिमला में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सहायक निदेशक रहे विशाल दीप सिंह पर 181 करोड़ रुपये के बहुचर्चित छात्रवृत्ति घोटाले से जुड़े मामले में रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप लगे हैं। शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों ने उन पर 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। इन संस्थानों के मालिकों ने सोमवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि विशाल दीप सिंह ने उन्हें ईडी कार्यालय में बुलाकर लगातार प्रताड़ित किया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर रिश्वत की मांग की।

दरअसल छात्रवृत्ति स्कैम से जुड़ा यह मामला 2013 से 2017 के बीच हिमाचल प्रदेश में एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई छात्रवृत्ति योजना के दुरुपयोग से जुड़ा है। इस योजना को राज्य सरकार के माध्यम से लागू किया गया था। लेकिन 181 करोड़ रुपये का यह फंड निजी शैक्षणिक संस्थानों द्वारा हड़प लिया गया। वर्ष 2019 में राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई ने इस मामले की जांच शुरू की। शैक्षणिक संस्थानों के मालिक रजनीश बंसल ने बताया कि शुरू में जांच सामान्य तरीके से चल रही थी। लेकिन जैसे ही ईडी अधिकारी विशाल दीप सिंह नवंबर में ईडी के सहायक निदेशक बने तो उन्होंने संस्थानों के मालिकों को कार्यालय बुलाकर रिश्वत मांगनी शुरू कर दी। प्रत्येक संस्थान



से एक-एक करोड़ रुपये की मांग की गई। जब पैसे देने से इनकार किया गया तो उन्होंने गिरफ्तारी की धमकी दी। मालिकों का कहना है कि रिश्वत की यह मांग इतनी बढ़ गई कि आत्महत्या तक की नौबत आ गई। परेशान होकर उन्होंने सीबीआई को शिकायत की। सीबीआई ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए रिश्वत की रकम का एक हिस्सा जाल बिछाकर बरामद किया। जांच के दौरान जीरकपुर और पंचकूला में रिश्वत की रकम से जुड़े स्थानों पर छापेमारी की गई। इसमें 55 लाख रुपये बरामद किए गए।

शैक्षणिक संस्थान के एक चेयरमैन ने बताया कि 19 दिसंबर को उन्हें ईडी कार्यालय बुलाया गया था। यहां दो अन्य अधिकारियों नीरज गर्ग और सुनील कुमार ने पहले रिश्वत की रकम तय की और बाद में विशाल दीप सिंह ने अलग से और रकम की मांग की। इसके बाद संस्थान मालिकों को पंचकूला और जीरकपुर में बुलाकर रिश्वत देने को कहा गया। सीबीआई पहले से सतर्क थी और उसने इन जगहों पर जाल बिछाया था।

इस मामले में ईडी अधिकारी विशाल दीप सिंह का भाई विकास दीप सिंह भी शामिल पाया गया। सीबीआई ने रिश्वत के तौर पर दी गई रकम उनके ठिकानों से बरामद की। हालांकि विशाल दीप सिंह अभी भी फरार हैं। विभाग ने उन्हें निलंबित कर दिया है, लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों ने बताया कि ईडी कार्यालय में उन्हें दिनभर बिठाया जाता था और बार-बार रिश्वत की मांग की जाती थी। जब पैसे देने से इनकार किया जाता तो जेल भेजने की धमकी दी जाती थी। उन्होंने कहा कि रिश्वत की मांग से तंग आकर उन्होंने सीबीआई को सूचित किया। शैक्षणिक संस्थानों के मालिकों ने मांग की है कि विशाल दीप सिंह और अन्य आरोपी अधिकारियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

## मालदीव को 14-0 से रौंदा

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम की सबसे बड़ी इंटरनेशनल जीत



**बैंगलुरू, एजेंसी।** मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लिंडा कोम सेर्टो ने अपने पदार्पण मुकाबले में चार गोल किए जबकि प्यारी शाशा ने महज आठ मिनट के अंतराल में हैट्रिक बनाई जिससे भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने सोमवार को यहां अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव को 14-0 से हरा दिया।इसके साथ ही भारत के स्वीडन के नवनियुक्त कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने अपने कार्यकाल की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में शाशा ने मेजबान टीम के लिए सातवें, आठवें और 15वें मिनट में गोल दागे और इस बीच 12वें मिनट में लिंडा के गोल में मदद की। पूरी तरह से एकतरफा रहे मैच में लिंडा ने 12वें, 21वें, 29वें और 52वें मिनट में गोल किए। मैच में कुछ समय के लिए व्यवधान आया जब एक लाइनमैन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया और वह मैदान पर भाग रहा था जिससे खेल रोकना पड़ा। यह घटना मध्यांतर से पहले अंतिम मिनट में हुई और मैच 15 मिनट बाद फिर से शुरू हुआ। भारत मध्यांतर तक 8-0 से आगे था। भारत के लिए नेहा ने भी 16वें और 45वें मिनट में दो गोल करके अपने पदार्पण का जश्न मनाया जबकि काजोल डिसूजा ने भी 59वें और 66वें मिनट में दो गोल किए। अन्य गोल करने वाली खिलाड़ी संगीता बसफोर (51वें मिनट), सोरोखैबम रंजना चानू (54वें मिनट) और रिम्पा हलदर (62वें मिनट) रहीं। मालदीव के खिलाफ दूसरा और अंतिम मैत्री मैच दो जनवरी को यहीं खेला जाएगा। अलेक्जेंडरसन ने आठ खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका दिया जिनमें से तीन ने आक्रमण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया करते हुए आठ गोल किए। यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में भारतीय महिला टीम की सबसे बड़ी जीत में से एक है। टीम ने 2010 में बांग्लादेश में सैफ चैंपियनशिप में भूटान को 18-0 से हराया था।

## आईपीएल नीलामी में नहीं बिके ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज का क्रिकेट में धमाकेदार प्रदर्शन, 11 साल बाद जड़ा अर्धशतक



**नइदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी डेविड वॉर्नर को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के ऑक्शन में में किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा। बिग बैश लीग 14 में उनकी तूफानी बल्लेबाजी देखने को मिली है। उन्होंने 11 साल बाद लीग में अर्धशतक जड़ा और सोमवार (30 दिसंबर) को सिडनी थंडर को मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ आठ रन से जीत दिलाई। वॉर्नर ने टूर्नामेंट की शुरुआत अच्छी नहीं की थी। वॉर्नर ने 57 गेंदों पर नाबाद 86 रनों की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। थंडर ने 4 विकेट पर 156 रन बनाए। इसके बाद वेस अगर ने 32 रन देकर 4 विकेट लिए और रेनेगेड्स 8 विकेट पर 148 रन ही बना पाई। इससे थंडर ने एंजी स्टेडियम के अपने घरेलू मैदान पर 734 दिन बाद पहली जीत दर्ज की। इस परिणाम के साथ थंडर बीबीएल अंक तालिका में सिडनी सिक्सर्स के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया। रेनेगेड्स 2 जीत और 2 हार के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया।

## निश्चित रूप से हार्दिक पांड्या से बेहतर...गावस्कर ने नितीश रेड्डी की जमकर तारीफ की



**नइदिल्ली, एजेंसी।** भारत के 21 वर्षीय नितीश कुमार रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अच्छी छवि बनाई हैं। यह युवा खिलाड़ी संकटमोचक बनकर उभरा है जिसने बार-बार मुश्किल परिस्थितियों से भारत को बाहर निकाला है।

हाल ही में संपन्न मेलबर्न टेस्ट में जिसमें भारत 184 रनों से हार गया था, नितीश ने ही पहली पारी में अपना पहला शतक बनाकर भारत को मैच में बनाए रखा था। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर नितीश कुमार रेड्डी के दृढ़ संकल्प से काफी प्रभावित हैं, उन्होंने उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकदार युवा सितारों में से एक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि नितीश कुमार रेड्डी की बल्लेबाजी हार्दिक पांड्या से बेहतर है, जब उन्होंने टीम इंडिया के लिए खेलना शुरू किया था।

मेलबर्न टेस्ट में नितीश कुमार रेड्डी पहली पारी में नंबर 8 पर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने 114 रन बनाकर भारत को हार से उबारने में मदद की। युवा खिलाड़ी के पिता की स्थल में मौजूदगी ने इस पल को और खास बना दिया। गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा, मेलबर्न टेस्ट ने भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकते युवा सितारों में से एक नीतीश कुमार रेड्डी को सामने ला दिया। वह आईपीएल में हैदराबाद फ्रेंचाइजी के लिए अपने प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के ध्यान में आए। उन्होंने प्रथम श्रेणी स्तर पर कुछ खास नहीं किया था, लेकिन अजीत अगरकर और उनके साथी चयनकर्ताओं को उन्हें टेस्ट क्षेत्र में लाने के लिए पर्याप्त जानकारी थी। गावस्कर ने कहा, पर्थ में अपने पहले टेस्ट मैच में ही यह स्पष्ट हो गया था कि यह एक ऐसा क्रिकेटर है जो परिस्थितियों को समझ सकता है और उसके अनुसार खेल सकता है। प्रत्येक अगले टेस्ट मैच के साथ, उनके कंधों पर एक अच्छे क्रिकेटिंग हेड की छाप और मजबूत होती गई।

नीतीश कुमार रेड्डी ने पहले पर्थ और एडिलेड में 40 रन की कीमती पारियां दर्ज की थीं। लेकिन उन्होंने मेलबर्न में पैट कमिंस, नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के खिलाफ अपने शतक से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा।

# रोहित शर्मा ने लिया रिटायरमेंट का फैसला! बीसीसीआई जल्द कर सकता है एलान?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद रिटायरमेंट लेने वाले हैं.

एक मीडिया रिपोर्ट अनुसार रोहित मौजूदा सीरीज के बाद अपने करियर को लेकर बहुत बड़ा फैसला लेने वाले हैं. बता दे कि उनकी कप्तानी में भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को जीतने में नाकाम रहा है, एक ऐसी सीरीज जिसे टीम इंडिया पिछली चार बार से जीतती आ रही है. वहीं उनका व्यक्तिगत प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज की 5 पारियों में केवल 31 रन बनाए हैं.

रिपोर्ट अनुसार बीसीसीआई के उच्च अधिकारी और चयनकर्ताओं ने पहले ही रोहित से बात कर ली है और ऐसा लगता है जैसे हिटमैन अपना फैसला नहीं बदलेंगे. अभी तक रिटायरमेंट की तारीख सामने नहीं आई है, लेकिन रिपोर्ट अनुसार रोहित सिडनी टेस्ट के बाद अपने टेस्ट करियर का अंत कर सकते हैं. यदि भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच जाता है तो रोहित कुछ समय और कप्तान पद पर बने रहने के लिए चयनकर्ताओं से बात कर सकते हैं. मेलबर्न टेस्ट की हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वो इस हार से अवश्य ही आहत हुए हैं.

एक तरफ जसप्रीत बुमराह हैं, जो अकेले दम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 30 विकेट ले चुके हैं. दूसरी ओर रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने केवल 31 रन बनाए हैं. संभव ही रोहित की टेस्ट रिटायरमेंट ज्यादा दूर नहीं है लेकिन वो सिडनी टेस्ट में बिना लड़ाई करे लंबे फॉर्मेट से संन्यास नहीं लेना चाहते.

### मेलबर्न की हार पर क्या बोले रोहित शर्मा

मेलबर्न टेस्ट में भारत को 184 रनों की हार मिली थी, जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है. रोहित शर्मा ने हार पर कहा कि ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो उनके अनुसार नहीं हो पा रही हैं. उन्होंने यह भी बताया कि ये हार मानसिक तौर पर झकझोर देने वाली है.



# मिशेल मार्श के चोटिल होने की कोई चिंता नहीं है: मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भारत के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में सीमित ओवरों के बावजूद ऑलराउंडर मिशेल मार्श के फिटनेस संबंधी किसी भी चिंता को खारिज कर दिया।मैकडोनाल्ड ने मार्श के सीमित समय तक गेंद के साथ खेलने को फिटनेस मुद्दे के बजाय मैच की स्थिति से जोड़ते हुए कहा, नहीं, कोई चिंता की बात नहीं है। मैकडोनाल्ड ने एमसीजी में यादगार जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि लोगों ने शायद इस बारे में बहुत अधिक पढ़ा (चोट के बारे में) है।

हमने उन्हें उतनी बार गेंद के साथ खेलने की आवश्यकता नहीं बताई जितनी हमने सोची थी। उन्होंने आज फिर से गेंदबाजी की। उनकी गति 120 (किमी प्रति घंटे) के आसपास है। चोट की कोई चिंता नहीं है। मुझे लगता है कि इस कोण से इस तरह की बात करना थोड़ा अनुचित है। हमें किसी कारण से कुछ समय के लिए उसकी आवश्यकता नहीं पड़ी। मुझे लगता है कि हमने श्रृंखला में जितने ओवर गेंदबाजी की है, वह शायद हमारे लिए फायदेमंद होगा। फ्रंट-लाइन पेसर मिशेल स्टार्क की फिटनेस के कारण सिडनी टेस्ट के लिए उस स्थान को भरने के लिए तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन और सीन एबॉट ऑस्ट्रेलिया की टीम में हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और मैकडॉनल्ड को श्रृंखला के अंतिम मैच के लिए स्टार्क की उपलब्धता पर भरोसा है।

मैकडॉनल्ड ने कहा, पूरी श्रृंखला में यह अपेक्षाकृत हल्का रहा है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि दोनों आक्रमण (अंतिम टेस्ट में) दबाव बनाने में सक्षम होने के लिए अच्छी स्थिति में होंगे। तो क्या इसका मतलब है कि आपको पांचवें गेंदबाज की आवश्यकता है? मुझे लगता है कि आपको अभी भी पांचवें गेंदबाज की आवश्यकता है। लेकिन क्या आप पांचवें गेंदबाज पर बहुत अधिक मांग करने जा रहे हैं, संभवतः नहीं। इस सीरीज में उनके सीमित योगदान के कारण मार्श की बल्लेबाजी में संघर्ष और भी बढ़ गया है। पिछले सीजन में ऑस्ट्रेलिया के सबसे बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाज रहे एलन बॉर्डर मेडलिस्ट ने पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ 6 में से चार जीत में अर्धशतक जड़े थे। लेकिन वे 10.42 की औसत से सिर्फ 73 रन ही बना पाए हैं। खास बात यह है कि इनमें से 47 रन पर्थ में दूसरी पारी में आए, जब मैच पहले ही हाथ से निकल चुका था। इसकी तुलना में चौथे टेस्ट के लिए बाहर किए गए नाथन मैकस्वीनी ने 14.40 की औसत से 72 रन बनाए। एक कठिन सीरीज और आत्म-संदेह के इतिहास के बावजूद कोच मैकडोनाल्ड ने मार्श की मौजूदा मानसिकता पर भरोसा जताया।

उन्होंने कहा, क्या वे बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे? इसमें कोई संदेह नहीं है। चार टेस्ट मैचों में वे उस स्तर पर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जैसा वे और हम चाहते थे। लेकिन हां, वे आगे बढ़ रहे हैं। हमने अभी-अभी एक टेस्ट मैच जीता है। वह काफी अच्छे मूड में है। ऑस्ट्रेलिया ने रिचर्डसन को नए साल की पूर्व संध्या पर एडिलेड में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए बीबीएल मैच खेलने के लिए रिलीज किया। वह बुधवार को टीम में शामिल होंगे और चोटों के इतिहास के बावजूद कोच मैकडोनाल्ड ने आवश्यकता पड़ने पर खेलने के लिए उनकी तत्परता पर भरोसा जताया।

कोच ने कहा, बहुत आश्वस्त। वह किसी कारण से यहां है। इसलिए अगर हमें भरोसा नहीं होता, तो वह यहां नहीं होता। उसने हमारे साथ नेट्स में एक बहुत ही कठिन सप्ताह बिताया है। सभी संकेत हैं कि अगर उसे बुलाया जाता है तो वह 40 से अधिक ओवर गेंदबाजी करने में सक्षम होगा। सीन एबॉट भी वहां है। हमें लगता है कि (एससीजी) उसका घरेलू मैदान है, इसलिए अगर उसे बुलाया जाता है तो वह भी उपयोगी साबित होगा।

# ऋषभ पंत के आलोचकों को संजय मांजरेकर का जवाब

**नइदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट में एक समय पर ड्रॉ के करीब दिख रही थी। हालांकि आखिरी सेशन में सात विकेट गंवाना के बाद टीम यह मैच गंवा बैठी। इस मैच में ऋषभ पंत को गलत शॉट खेलकर आउट होने के लिए आलोचना का शिकार होना पड़ा। उनके आउट होने के बाद ही ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापसी का मौका मिला।



पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने ऋषभ पंत की समर्थन करते हुए कहा कि उनकी इस तरह की आलोचना नहीं होनी चाहिए।

**सुनील गावस्कर ने ऋषभ पंत के आंकड़े गिनाए**

संजय मांजरेकर ने एक्स पर लिखा, 'ऋषभ पंत की सिर्फ उनके फेल होने के लिए आलोचना होनी चाहिए इसलिए नहीं कि वह कैसे फेल हुए। टेस्ट में उनकी 42 की औसत है और कम से कम तीन शानदार पारियां खेलने वाले भारतीय है। 42 टेस्ट में उन्होंने 6 शतक लगाए हैं वहीं सात बार 90 से ज्यादा रन बनाकर आउट हुए। वह शानदार खिलाड़ी है लेकिन बस ज्यादा रन नहीं बना पा रहे हैं। बात बस यही है।'

**बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में नहीं चला था पंत का बल्ला**

ऋषभ पंत का बल्ला बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में नहीं चला है। उन्होंने सात पारियों में 22 के औसत से केवल 154 रन बनाए हैं। मेलबर्न टेस्ट की पहली पारी में शनिवार को पंत ने स्कॉट बोलैंड की गेंद पर स्टंप्स के पार स्कूप शॉट लगाने का प्रयास किया लेकिन वह नाथन लियोन के हाथों में चला गया।

गावस्कर ने इस शॉट को खेलने के लिए ऋषभ पंत को बेवकूफ कहा था। उन्होंने कहा, 'यह तो अपना विकेट गंवाना जैसा है। वो भी तब जब टीम इन हालात में है। हालात को भी समझना चाहिए था। आप यह नहीं कह सकते कि यह आपका स्वाभाविक खेल है। यह आपका स्वाभाविक खेल नहीं है। यह बेवकूफाना शॉट था। आपने टीम को निराश किया है। उसे ड्रेसिंग रूम में नहीं जाना चाहिए। पंत को दूसरे ड्रेसिंग रूम में जाना चाहिए।'रोहित शर्मा ने कहा कि पंत को टीम की जरूरत समझनी चाहिए।

## विनोद कांबली ने अस्पताल में किया नृत्य, वीडियो हुआ वायरल



**ठाणे, एजेंसी।** ठाणे जिले के एक अस्पताल में उपचार करा रहे विनोद कांबली का यहां नृत्य करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिससे इस पूर्व भारतीय क्रिकेटर के स्वास्थ्य में प्रगति का पता चलता है। भारत की तरफ से 17 टेस्ट और 104 वनडे खेलने वाले 52 वर्षीय कांबली को मूत्र संक्रमण और मांसपेशियों में ऐंठन की शिकायत के बाद 21 दिसंबर को भिवंडी शहर के काल्हेर इलाके में आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कई तरह की चिकित्सा जांच के बाद उनके मस्तिष्क में थक्के का पता चला। कांबली का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने सोमवार को कहा कि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। इस वीडियो में अस्पताल में कांबली को पूरे जोश के साथ नाचते हुए दिखाया गया है, जो उनके स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण सुधार का संकेत देता है।

# जसप्रीत बुमराह को मिलेगा क्रिकेट का सबसे बड़ा अवॉर्ड!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में अपनी घातक गेंदबाजी से कहर बरपा रहे टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने साल का अंत भी शानदार अंदाज में किया है. मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी में बुमराह ने 5 विकेट झटक लिए. सिर्फ ये टेस्ट ही नहीं, बल्कि इस पूरे साल बुमराह ने हर मोर्चे पर अपनी तूफानी गेंदों से बल्लेबाजों को मुश्किल में डाला है. इस शानदार प्रदर्शन का ही नतीजा है कि बुमराह को आईसीसी ने सबसे बड़े अवॉर्ड के लिए नामित किया है. स्टार पेसर को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया है, जो साल के बेस्ट क्रिकेटर को दी जाती है. इसके साथ ही उन्होंने एक खास उपलब्धि भी हासिल कर ली है. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से बुमराह ने जमकर कहर बरपाया है. पर्थ, एडिलेड और ब्रिसबेन के बाद मेलबर्न में भी उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की नाक में दम किया. हालांकि उनका ये प्रदर्शन भी टीम इंडिया को हार से नहीं बचा सका लेकिन स्टार गेंदबाज ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से पूरी दुनिया को प्रभावित किया है. इधर टीम इंडिया को



हार मिली, उधर आईसीसी ने बुमराह को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के दावेदारों में शामिल किया है. इसके अलावा बुमराह को टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए भी शॉर्ट लिस्ट किया गया है.

**इस साल ऐसा रहा बुमराह का प्रदर्शन:** बुमराह ने इस साल सिर्फ टेस्ट और टी20 फॉर्मेट के मुकाबलों में हिस्सा लिया और उनमें अपनी गेंदबाजी से टीम इंडिया को कई यादगार जीत दिलाई. टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सबसे ज्यादा 15 विकेट लेकर उन्होंने टीम इंडियो को चैंपियन बनाया था. उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया था. वहीं टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी गेंदों का बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था. बुमराह ने साल का अंत सिर्फ 13 टेस्ट में 71 विकेट के साथ किया, जो इस साल सभी गेंदबाजों में सबसे ज्यादा है. उनका औसत भी 14.92 का रहा, जो इस खेल के इतिहास में सबसे शानदार रहा है.

**क्या जीत पाएंगे सबसे बड़ा अवॉर्ड?**

ऐसे में बुमराह इस अवॉर्ड को जीतने के सबसे बड़े दावेदार हैं. वो इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं. हालांकि उनकी टक्कर जिन खिलाड़ियों से है, वो भी कम नहीं हैं. इसमें इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट भी हैं, जिन्होंने इस साल 17 टेस्ट में 55 की औसत से सबसे ज्यादा 1556 रन बनाए. वहीं ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी रेस में हैं. बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 9 टेस्ट में 40 की औसत से 608 रन और 15 टी20 इंटरनेशनल में 178 की स्ट्राइक रेट से 539 रन कूटे.

# 25 वर्ष पूर्ण होने पर धूमधाम से निकली श्रीजी की शोभा यात्रा

## पन्ना धाम से पंजाब प्रांत से सैकड़ो श्रद्धालु प्रतिवर्ष नए वर्ष का आगाज करते है







**पन्ना।** बीते 25 वर्षों से पंजाब प्रांत के पंजाबी श्रद्धालु सुंदर साथ पांच पद्मावती पुरी धाम पन्ना के श्री प्राणनाथ जी मंदिर मैं आकर के श्री जी के चरणों में माथा देखकर नए वर्ष का शुभआरंभ करते । कामना यही रहती है कि आगामी नया वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो। इसी क्रम में आते हुए 25 वर्ष पूर्ण होने पर 30 दिसंबर सोमवार की शाम नगर में महामति श्री प्राणनाथ जी की शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से नाचते गाते हुए निकली, जिसमें सैकड़ो की संख्या में पंजाब से आए हुए पंजाबी श्रद्धालु एवं देश के विभिन्न प्रदेशों से आए हुए श्रद्धालु एवं स्थानीय धामी समाज के लोग व नगर वासियों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के मार्गदर्शन में निकाली गई जो मंदिर के मुख्य द्वार कमानी दरवाजे से प्रारंभ होकर श्री प्राणनाथ चौक, अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, श्री किशोर जी मंदिर होते हुए वापस प्राणनाथ जी मंदिर पहुंची। श्री प्राणनाथ जी मंदिर के सचिव राकेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वैसे तो प्रत्येक त्योहारों में देश-विदेश के श्रद्धालु सुंदरसाथ श्री निजानंद संप्रदाय के प्रमुख धाम श्री पांच पद्मावती पुरी पन्ना आते हैं। इसी क्रम में नए साल के स्वागत में भी देश के विभिन्न प्रांतो एवं विदेश से भी श्रद्धालु सुंदर साथ पन्ना पहुंचकर श्री जी के चरणों में माथा टेक कर नए वर्ष का आगाज करते हैं। नए वर्ष मनाने पंजाब से प्रतिवर्ष सैकड़ो श्रद्धालु सुंदर साथ बीते 25 वर्षों से लगातार आ रहे हैं और इस वर्ष उन्होंने विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित करते हुए नगर में भव्य शोभा यात्रा भी निकली है।

### नगर वासियों ने फूल बरसाकर किया स्वागत

नगर के मुख्य मार्गो से जब श्री जी की शोभायात्रा निकाली तो नगर वासियों ने बाहर से आए हुए श्रद्धालु मेहमानों का स्वागत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी उन्होंने फूल बरसा कर जहां शोभा यात्रा का स्वागत किया तो वही आरती उतार कर धर्म लाभ लिया।

### ढोल नगाड़ों की धुन में झूमे सुंदरसाथ

शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु सुंदर साथ अपनी मस्ती में दिखे और ढोल नगाड़ों तथा बैंड बाजा की धुन में नाचते गाते दिखे।

# आयुष मंत्री को सौपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**पन्ना।** जिले के भ्रमण पर आये पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री तथा मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार को राज पत्रित अधिकारी संघ के जिला प्रवक्ता डॉक्टर एमपी पान्डेय ने पांच सूत्रीय ज्ञापन सौपा है तथा तत्काल अमल करने की मांग की है। ज्ञापन मे जिन बिन्दुओं का उल्लेख किया गया है, उसमें मुख्य रूप से जिले के जन संख्या बहुल्य ग्राम कमताना, पगरा, लोहरगांवा, गड़ोखर एवं ठेपा ठरका में नवीन आयुर्वेद औषधालय स्वीकृत किये जाये तथा चिकित्सक सहित अन्य स्टाप पदस्थ किया जाये। ग्राम पंचायत गड़ोखर को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में प्रयास किया जाये। अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र को तीस बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जाये। मकरदगंज औषधालय में चिकित्सक पदस्थ किया जाये। तथा पुराने औषधालय महेवा में चिकित्सक सहित अन्य स्टाप पदस्थ करते हुए मरीजो के भर्ती होने के लिए अतिरिक्त कक्षो का निर्माण किया जाये। श्री पान्डेय ने जिले के प्रभारी मंत्री से नवीन सत्र में समस्त बिन्दुओं का पूर्ण करने की मांग की है।

# बाजार के अन्य वाहनों से उपार्जित धान के परिवहन के लिए वाहन अधिग्रहण संबंधी आदेश जारी

पन्ना

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा उपरांत खरीदी केन्द्रों पर उपार्जित धान के त्वरित परिवहन एवं भण्डारण के उद्देश्य से बाजार के अन्य वाहनों का अधिग्रहण कर परिवहनकर्ता की अनुबंधित दर पर परिवहन कराने के संबंध में आदेश जारी किया है। साथ ही वाहन अधिग्रहण के लिए समस्त अनुविभागीय मजिस्ट्रेट को अधिकृत कर जिला परिवहन अधिकारी के साथ तत्काल प्रभाव से आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। वाहन अधिग्रहण के लिए अधिकृत अधिकारियों को थाना प्रभारियों के सहयोग से खाली वाहनों को नियमानुसार अधिग्रहण किया जाकर म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के अनुबंधित परिवहनकर्ता कमल कुमार जैन 8889890111 सेक्टर पन्ना तथा पन्ना अनुभाग अंतर्गत इनके प्रतिनिधि नीतेश जैन 8989890111, पवई एवं शाहनगर अनुभाग अंतर्गत महादेव प्रसाद खटीक 9425141369, गुनौर अनुभाग अंतर्गत सतीश कुमार रिछारिया 9425878543 तथा अजयगढ़ अनुभाग अंतर्गत अंकित किलवारे 9009544442 को खाली वाहन सौंपा जाएगा और उपार्जित धान का परिवहन कराने के उपरांत वाहन को अधिग्रहण से मुक्त किया जाएगा। अधिग्रहित वाहन का भुगतान परिहवनकर्ता द्वारा नियमानुसार अनुबंधित दर पर संबंधित वाहन मालिक को किया जाएगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने बताया कि जिले में खरीफ उपार्जन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन को नोडल एजेंसी बनाया गया है। पूर्व में खरीदी केन्द्रों पर उपार्जित धान का परिवहन अनुबंधित मिलर्स को प्रदान करने के निर्देश थे, लेकिन मिलर्स द्वारा समय पर उठाव नहीं करने से बैकलॉग में बढ़ोत्तरी के कारण अनुबंधित परिवहनकर्ता के माध्यम से भी उपार्जित मात्रा का परिवहन कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस अनुक्रम में अनुबंध परिवहनकर्ता को निर्देश दिए गए, इसके बावजूद भी निर्धारित समयावधि में परिवहन कार्य पूर्ण नहीं हो सका। ई उपार्जन पोर्टल की रिपोर्ट अनुसार पन्ना जिले में अब तक 7 लाख 27 हजार 952 क्विंटल धान का उपार्जन हो चुका है, जबकि इसके विरूद्ध मात्र 3 लाख 86 हजार 227 क्विंटल परिवहन हो पाया। शेष उपार्जित धान की मात्रा 3 लाख 41 हजार 724 क्विंटल का परिवहन होना शेष है। असामयिक वर्षा की संभावना के मद्देनजर तथा शासन के त्वरित परिवहन कराए जाने के निर्देशानुसार परिवहन के लिए बाजार के अन्य वाहनों का अधिग्रहण आवश्यक होने पर अन्य वाहनों से धान के परिवहन का निर्णय लिया गया है।

# जिले में भर्रेशाही का आलम, आवासीय भूखंडो में बना लिये व्यापारिक प्रतिष्ठान

## नाले को रोक कर किया जा रहा निर्माण

पन्ना



पन्ना जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते जिले में जहां एक ओर शासकीय जमीनो पर भू माफियाओ द्वारा लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है, तथा शासकीय जमीनो का लगातार विक्रय भी हो रहा है, तालाबो, नालो की जमीनो के आस पास भू माफिया तोड़ी बहुत जमीन खरीदकर सैकड़ो एकड़ जमीन शासकीय विक्रय कर देते है, तथा उसमें प्लांटिग करके लोगो को करोड़ो की रकम अर्जित कर लेते है, इस प्रकार की अनेक कालोनिया पन्ना में विकसित की जा रही है। इसी प्रकार सरकार द्वारा लीज पर शासकीय जमीन लोगो को आवासीय रहने के लिए दी जाती है, लेकिन बीटीआई रोड़ पर शासन द्वारा लीज पर दोनो ओर जमीन दी गई थी, उक्त जमीन पर लोगो द्वारा आवासीय मकान न बनाकर बड़े बड़े शो रूम तथा एजेन्सिया बना दी गई है, तथा जितनी जमीन आवंटित की गई थी उससे चार गुना जमीन पर आंगे पीछे अतिक्रण भी करके निर्माण किया गया है, उसी बीच से शासकीय नाला निकला हुआ है, उस पर भी अतिक्रमण कर रखा है, एवं शासकीय तलैया फील्ड, खेल मैदान की जमीन में भी अतिक्रमण किया गया है। राजनैतिक संरक्षण के चलते संबंधितो पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। नजूल के अधिकारी तथा कर्मचारीयों से जानकारी मांगे जाने पर उनके द्वारा भी गोल मोल जवाब दिया जा रहा है।

# पत्रकार सम्मान समारोह भव्यता के साथ गुना जिले के अरोन में सम्पन्न हुआ

**पन्ना।** जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (जेयूएमपी) का रविवार को राज्यस्तरीय कार्यशाला और पत्रकार सम्मान समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश भर के कलमकार शामिल हुए जिन्होंने एक मंच पर पत्रकारिता और राष्ट्रवाद जैसे महत्वपूर्ण विषय पर संवाद किया। पत्रकारिता के एक से बढ़कर एक धुरंधरों ने पत्रकारिता जगत पर हमलों की चिंता व्यक्त की। इस गरिमामय आयोजन में प्रदेश के 300 से अधिक पत्रकारों ने शिरकत की। कार्यक्रम का मुख्य बिंदु भारतीय पत्रकारिता में राष्ट्रवाद विषय पर प्रमुख हस्तियों और विद्वानों ने चर्चा की। यह आयोजन निश्चित ही पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने हेतु नए आयाम खोलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य आतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जम्प के प्रांतीय अध्यक्ष और साधना न्यूज के चैनल हेड डॉ. अरुण सक्सेना की



अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार और राज्यसभा टीवी के पूर्व संस्थापक कार्यकारी निर्देशक राजेश बादल, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुधीर सक्सेना, राष्ट्रीय सचिव डॉ. नवीन आनंद जोशी और मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। आरोन में हुए पत्रकारों के इस महाकुंभ से प्रदेशभर के पत्रकारों को एक नई परंपरा के रूप में दायित्वों का निर्वाहन स्थापित करेगा। उल्लेखनीय है कि आरोन के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय मुकेश सक्सेना की स्मृति में विशेष पत्रकारिता पुरस्कार स्थानीय पत्रकार श्याम टंडेल को दिया गया है। मंच से उनकी याद में इस तरह का कार्यक्रम प्रतिवर्ष करने का जिक्र किया है। देखते ही बन रही थी आयोजन स्थल की भव्यता यह भव्य आयोजन पीएन ग्रुप गुना के वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमनारायण राठौर (भजन सेठ) के श्रीराम मैरिज गार्डन आरोन में सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। आयोजन समिति ने सुदूर अंचलों से आने वाले पत्रकारों के लिए एक दिन पूर्व से ही ठहरने की विशेष व्यवस्था की थी। सुबह होते ही पत्रकारों का जमाबड़ा शुरू हो गया जहां आयोजन स्थल की भव्यता देखते ही बन रही थी। क्योंकि इसमें एक विशेषता ये थी कि सभी पत्रकारों को पगड़ी बांधने की विशेषता थी जिसके चलते यह व्यवस्थ आकर्षण का केन्द्र बिंदु रही। निश्चित तौर पर इस कार्यशाला और सम्मान समारोह से पत्रकारिता जगत को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। हर एक पत्रकार ने की कार्यक्रम की प्रशंसा कार्यक्रम में जम्प के पदाधिकारी और सदस्यों का उत्साह देखते ही बन रहा है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना को पदाधिकारियों ने फलों से तोलकर स्वागत सम्मान किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन पत्रकारों के सम्मान के साथ-साथ पत्रकार जगत की एकजुटता और संवाद को बढ़ावा देने के लिए रखा गया। जिसमें प्रदेशभर के पत्रकारों को एक परिवार के रूप में जोडने का प्रयास किया गया। उक्त कार्यक्रम में पन्ना जिले के पत्रकारो ने सहभागिता निभाई, जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, सचिव सादिक खान, पत्रकार एकचा मंच के अध्यक्ष शिव किशोर पान्डेय, अजय द्विवेदी, मुस्तकीम खान, संदीप शुक्ला आदि शामिल रहें।

# नवोदय विद्यालय रमखिरिया में भूतपूर्व छात्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

**पन्ना।** पन्ना जिला स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया पन्ना में भूतपूर्व छात्रो का सम्मान समारोह एवं सम्मेलन विद्यालय द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व में अध्ययनरत रहें लगभग 2 सैकड़ा से अधिक छात्रो ने अपनी सहभागिता निभाई, तथा अपने पुराने संस्मरणो को याद किया। ज्ञात हो कि उक्त सभी भूतपूर्व छात्र अच्छी शिक्षा ग्रहण करके उच्च पदो पर कार्य कर रहें है एवं डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षा से जुडे महत्वपूर्ण दायित्वो का निर्वहन



कर रहें है। अनेक क्षात्र पुलिस विभाग, न्याय विभाग तथा समाजसेवा के क्षेत्र मे भी कार्य कर रहें है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यपर्ण करने के पश्चात् किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के छोटे छोटे छात्र एवं छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित सभी श्रोताओं का मनमोह लिया। तत्पश्चात् प्राचार्य तथा विद्यालय के शिक्षको द्वारा अतिथियां का फूल माला से स्वागत किया गया, तत्पश्चात् विद्यालय में पदस्थ रहें भूतपूर्व छात्रो द्वारा अपने विचार रखे एवं विद्यालय मे अध्ययनरत छात्रो को अनेक प्रकार से शिक्षा अध्यन एवं सजग रहने के संबंध में बताया गया। जिसमें पुलिस विभाग में पदस्थ वीरेन्द्र पटेल द्वारा साईबर अपराध एवं अन्य अपराधो से बचने के संबंध में अनेक तरीके बताये गयें। तत्पश्चात् छात्र छात्राओं को एवं शिक्षको को सम्मान स्वरूप उपहार देकर पुरूष्कित किया गया। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से सरपंच संघ के अध्यक्ष बृजमोहन यादव, सरपंच प्रतिनिधि पहाडीखेड़ा राम शिरोमणि मिश्रा, सरपंच ग्राम पंचायत दिया राम शिरोमणि सिंह लोधी, अरविन्द यादव, अटल वर्मा, शेफाली गुप्ता, पीयूष बबेले, नीरज सेठिया सुनील बाबू विश्वकर्मा, महिपाल सिंह रोली खरे, अंजू चौरसिया सुनील अहिरवर, डॉ विपिन पटेल, डॉ दिलीप पटेल, पंकज मंडल सिद्धार्थ जैन, गौरव तिवारी, लखन लाल अहिरवार, अनूप कुमार सोनी, देशराज लोधी, प्रमोद गुप्ता, सियाराम अहिरवार, पुष्पेंद्र लोधी, रूपेश जैन आदि।

# गौवंश को शीतलहर से बचाव के संबंध में सलाह

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी द्वारा समस्त गौशाला संचालकों एवं नोडल अधिकारियों को गौवंश सहित अन्य पशुओं को शीतलहर से बचाव के संबंध में सलाह एवं आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शीतलहर के दौरान पशुधन को जीविका के लिए ऊर्जा की जरूरत बढ़ने से अधिक भोजन की आवश्यकता भी होती है। तापमान में अत्यधिक भिन्नता गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं के प्रजनन दर को प्रभावित करती है। ठण्डी हवाओं के सीधे संपर्क से बचाव के लिए रात्रि के दौरान सभी पशु आवासों को सभी दशाओं से ढकना चाहिए। साथ ही छोटे पशुओं को ढककर रखने के साथ पशु के आहार व खान-पान में वृद्धि कर वसा की खुराक प्रदान करना चाहिए। पशु के आहार सेवन और चरने के व्यवहार का विशेष ध्यान रखना भी जरूरी है। जलवायु के अनुरूप शेड निर्माण भी करना चाहिए। पशुपालक एवं गौशाला संचालक एवं प्रबंधकों को गौवंश एवं पालतू पशुओं को सर्दियों से बचाव के लिए सुखा एवं सुविधाजनक आवास तैयार करने की सलाह दी गई है। इस दौरान गौशालाओं में पर्याप्त चारा-भूसा की व्यवस्था, फट्टे लगवाने, मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक उपचार और टीकाकरण कराने सहित समस्त नोडल अधिकारियों को अपने क्षेत्र की गौशालाओं में अपना नाम, पद नाम, मोबाइल नंबर भी अनिवार्य रूप से अंकित कराने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही गौशालाओं का सतत भ्रमण कर गौवंश के समुचित रखरखाव के लिए गौशाला संचालकों को समझाईश देने और पशुपालकों से सतत संपर्क में रहकर जरूरी मार्गदर्शन व सुझाव की कार्यवाही के लिए भी कहा गया है।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समीक्षा



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में विभागवार लंबित टीएल, जनसुनवाई सहित सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समयावधि में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में इस सप्ताह प्रभावी तरीके से प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कर ग्रेडिंग में सुधार लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत विभागवार अधिसूचित नागरिक सेवाओं का लाभ भी अनिवार्य रूप से निश्चित समयावधि में प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के सतत निरीक्षण और प्राप्त आवेदनों का पोर्टल पर इंद्राज सहित आमजनों को शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक व प्रेरित करने इस संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में निकायवार समग्र पोर्टल पर पेंशन हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य तथा 70 प्लस आयु के आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा भी हुई। निकाय स्तर पर जनसंवाद कार्यक्रम के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न विभागों के स्वरोजगारमूलक योजनाओं वाले प्रकरणों में भी अविलंब प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया।

# भारी कीचड़ सें परेशान ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ के ग्रामवासी

**पन्ना।** पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ के वार्ड नंबर 5 भटवा मोहल्ला में बेमौसम की हल्की बारिश होने सें पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिससे आम लोग भारी परेशान है, लोगो ने बताया कि वर्षात के दिनों में क्या हालत होते होंगे, यह स्वंय ही समझा जा सकता है। लोगो ने बताया कि ग्राम पंचायत के अधिकतर वार्डो की यही स्थिती है, सरपंच द्वारा मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कराये जा रहे है, जहां पर सड़क तथा नाली निर्माण की जरूरत है वहां पर नहीं कराया जाता, अन्य स्थानो पर निर्माण कार्य कराकर शासकीय राशि का दुरपयोग किया जाता है, स्थानीय लोगो ने वरिष्ट अधिकारीयो से ग्राम पंचायत के वार्डो का निरीक्षण कराकर सड़क निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की है।

# सरस्वती ज्ञान मंदिर में हुआ विज्ञान मेले का आयोजन



**पन्ना।** गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम मुड़वारी के सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विषय से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसमें लाल किला, जालियां वाला बाग, राममंदिर, रानी दुर्गावती अस्पताल जबलपुर, फ्रिज, कूलर, ग्रीन पार्क आदि के चित्र ओर उनकी प्रदर्शनी अपने हाथों से बनाई गई थी, छात्र छात्राओं के उक्त माडलो को देखकर उपस्थित अतिथियों सहित ग्राम वासियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की उक्त मेले में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़वारी के प्राचार्य राजेंद्र कुमार पाठक, भूतपूर्व शिक्षक राम भुवन चौबे, सरफराज मोहम्मद फारूकी, संजय शर्मा, धीरेन्द्र कुमार गर्ग, मनीष परोहा, विनोद प्रजापति, राहुल शर्मा, सोनू मिश्रा, कमलेश चौधरी, पूनम सिंह चौहान, कमलेश दहायत, रंगीलाल नामदेव सहित ग्रामवासी विद्यालय के शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# पवई को जिला बनाने की फिर उठी मांग, प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

पन्ना

मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री, पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार को पवई को जिला बनाओ अभियान समिति के सदस्यों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि पवई तहसील पुराने समय की तहसील है भौगोलिक दृष्टि से इसका क्षेत्रफल बहुत बड़ा है पवई तहसील के अंतर्गत पहले शाहनगर, रैपुरा, सिमरिया, हरदुआ खम्हरिया, सुनवानी, मुड़वारी, कल्दा पवई के अंतर्गत आते है लेकिन कार्य एवं राजस्व के कार्यों की अधिकता के कारण अन्य चार तहसीले बना दी गई जिसमें पवई, शाहनगर, रैपुरा, सिमरिया तहसील का निर्माण हो चुका है एवं कार्यालय भी विधिवत् संचालित है जिसमें से अगर पवई को जिला बनाया जाता है तो सभी दूरिया 40 कि.मी., 60 कि.मी. के दायरे में हो जावेगी। शाहनगर क्षेत्र रैपुरा क्षेत्र हरदुआ खम्हरिया क्षेत्र की पन्ना से दूरिया लगभग 120 कि.मी. पडती है। इसीलिए कार्य कि अधिकता एवं आम लोगो की परेशानी को देखते हुये पवई को जिला बनाया जावें। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से रम्मू मणि यादव, अजय श्रीवास्तव, अजय देव बुंदेला महमूद खान, डॉ. सरफराज फारूकी, रामवीर तिवारी, शंभू लाल चौधरी सहित जिला बनाओ अभियान संघर्ष समिति के अन्य लोग जन उपस्थित रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 01 जनवरी 2025




रीवा शहर में युवा जो घूम घूम कर लगभग 10 दिनों से कड़ाके की ठंड में बेघरों के तन पर कम्बल ओढ़ा रहे हैं जब लोग अपने घर में दुबके हो ऐसे में समाजसेवी अविराज अपने साथियों के साथ असहायों तक पहुंच कर उनको ठंड से बचाने कंबल बांट रहे हैं



# अधिकारी नई ऊर्जा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें

## मैहर और चित्रकूट में पर्यटन विकास से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने विकास कार्यों की समीक्षा की। संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी नए वर्ष में ऊर्जा और संवेदनशीलता के साथ विभागीय कार्य करें। नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल, उचित मूल्य दुकान, छात्रावास तथा अस्पतालों का निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से करके प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करें। जन कल्याण पर्व में तैनात संभागीय दलों ने संभाग भर में भ्रमण करके सराहनीय कार्य किया है। कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने 30 दिसम्बर की समीक्षा बैठक में संभाग के प्रमुख निर्माण कार्यों और योजनाओं के



संबंध में निर्देश दिए हैं। सभी अधिकारी इनका पालन सुनिश्चित करें। संयुक्त संचालक नगरीय निवेश मैहर में माँ शारदा लोक निर्माण तथा चित्रकूट में रामलोक निर्माण के संबंध में संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्ययोजना तैयार कराएं। इन दोनों प्रमुख स्थलों के पर्यटन विकास से जुड़े निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। संभाग के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाएं। सड़कों पर कचरा फेकने वाले दुकानदारों के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही करें। कचरा गाड़ियों को समय पर मोहल्लों में पहुंचना सुनिश्चित करें। स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। कमिश्नर ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि संभाग में सीधी जिले में सबसे प्रभावी ढंग से जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अन्य जिलों के अधिकारी भी इसका अनुसरण करें। शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर अधिक से अधिक आमजनों को लाभान्वित कराएं। शिविरों के आयोजन में लापरवाही बरतने वाले मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नोडल अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी लंबित पेंशन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। पेंशन प्रकरण लंबित रहने पर संबंधित कार्यालय प्रमुख को वेतन स्वीकृत नहीं किया जाएगा। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। पीएचई, श्रम, ऊर्जा, राजस्व तथा ग्रामीण विकास विभाग में बड़ी संख्या में प्रकरण कार्यवाही के लिए लंबित हैं। बैठक में कमिश्नर ने धान उपार्जन, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में सुधार तथा न्यायालयीन प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव, संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 52 आवेदकों की सुनी गई समस्यायें

**रीवा।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट सभागार में 52 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय एवं डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने आवेदकों से प्राप्त आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में जनकाई निवासी सत्येन्द्र कुमार ने रास्ता खुलवाने, खौर निवासी कमलेश कुमार शर्मा ने नक्शा सुधार कराने तथा मुद्रिका प्रसाद बहेलिया ने जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के आवेदन दिये जिन्हें संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार सिरमौर के वशपति पाण्डेय के खसरा सुधार में परिवर्तन करने तथा उर्रहट रीवा के मुकुल गुप्ता के अग्नि से क्षतिग्रस्त दूकान के लिये मुआवजा राशि प्रदाय करने के



आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। तिजिया बाई नीगा निवासी ने मध्यान्ह भोजन का चावल न मिलने एवं नेहा तिवारी के अपात्र व्यक्तियों के नाम गरीबी रेखा से काटने के आवेदन को संबंधित जनपद के सीईओ को परीक्षण उपरांत कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पिपरा गांव के रहवासियों ने ग्राम पंचायत के सरपंच के विरूद्ध विकास कार्यों में अवरोध की शिकायत की जिसे जनपद सिरमौर को परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में सामाजिक न्याय, शिक्षा विभाग तथा विद्युत मंडल आदि विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया।

# व्हाइट टाइगर सफारी में नए साल में पर्यटकों के लिए रहेगा विशेष प्रबंध

**रीवा।** नए वर्ष के आगमन एक जनवरी को महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर में पर्यटकों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस दिन पर्यटकों की बड़ी संख्या का अनुमान करके अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। इस संबंध में व्हाइट टाइगर सफारी के संचालक ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए आठ टिकट काउंटर बनाए गए हैं। वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए दोपहिया वाहनों की दो तथा चार पहिया वाहनों की भी दो अलग-अलग पार्किंग बनाई गई है। नए साल में व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने तथा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके साथ-साथ चिकित्सा दल एवं फायर ब्रिगेड भी तैनात रहेंगे। व्हाइट टाइगर सफारी में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए सतना मण्डल के 58 वन कर्मी, रीवा वनमण्डल के 25 वनकर्मी, एक उप वनमण्डलाधिकारी तथा 2 वन परिक्षेत्र अधिकारी को तैनात किया गया है। वरिष्ठ अधिकारी व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग करेंगे। व्हाइट टाइगर सफारी के प्रवेश टिकट में पर्यटकों की सुविधा के लिए निर्देश अंकित किए गए हैं। इनका पालन करते हुए नए वर्ष की खुशियाँ मनाएं। नए साल में व्हाइट टाइगर सफारी आने वाले पर्यटक अपने साथ चल रहे बच्चों एवं बुजुर्गों का ध्यान रखें। वन्यप्राणियों के साथ न तो किसी तरह की छेड़छाड़ करें न ही उन्हें खाद्य सामग्री दें। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पर्यटकों की निगरानी की जाएगी। निर्देशों का उल्लंघन करने पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में विभागीय अधिकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें : आयुक्त

## आयुक्त नगर निगम ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की

**रीवा।** आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवड़े की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के साथ ही विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। डॉ. सौरभ सोनवड़े ने बैठक में निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें तथा संतुष्टिपूर्वक शिकायतों को बंद करायें। उन्होंने 50 दिन से अधिक समयावधि की शिकायतें शीघ्र बंद करायें। उन्होंने नान अटेंडेंट शिकायतों के प्रति संबंधितों से नाराजगी जहिर की।



आयुक्त नगर निगम ने टीएल बैठक में अनुपस्थित रहने पर वाणिज्यिक विभाग के अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त नगर निगम ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाये तथा शिविरों में अनिवार्यतः विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में दिलाये गये लाभ की विभागवार इंट्री भी प्रतिदिवस कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रति सप्ताह अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों की समीक्षा करें। बैठक में सूर्यग्रह बिजली योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने तथा इसका लाभ दिलाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत बनाये जाने वाले कार्ड की प्रगति जिले में न्यून होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा सीएमएचओ को निर्देशित किया कि प्रतिदिवस समीक्षा कर इसमें प्रगति लाये।

# बैंकों में आज से सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा लेन-देन

**रीवा।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन कुमार ने बताया है कि रीवा जिले के सभी बैंकों में बैंकिंग के समय में एक जनवरी 2025 से परिवर्तन किया जा रहा है। बैंकों में एक जनवरी से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लेन-देन का कार्य होगा। यह व्यवस्था सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ ग्रामीण बैंकों में भी लागू रहेगी। राज्य स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति के निर्देशों के अनुसार बैंकों के बैंकिंग समय में परिवर्तन किया गया है। सभी बैंक शाखा प्रबंधक एक जनवरी 2025 से निर्धारित किए गए समय खण्ड में बैंकिंग का कार्य सुनिश्चित करें।

# जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

## जनकल्याण अभियान में एक, दो और तीन जनवरी को लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत एक, दो और तीन को शिविर लगाये जायेंगे।

कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में एक जनवरी को ग्राम पंचायत गेरूई तथा पतौता, दो जनवरी को लोही तथा भीटा और तीन जनवरी को खैरा में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में एक जनवरी को भोलगढ़ तथा मद्धेपुर, दो जनवरी को बैजनाथ तथा अगडाल और तीन जनवरी को खैरा और मगुरहाई में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में एक जनवरी को चम्पागढ़ तथा बड़ाछ, दो जनवरी को जवा तथा पथरौड़ा और तीन जनवरी को झलवा तथा बेलगवॉ में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में एक जनवरी को बेलवा पैकान तथा गोदरी 27, दो जनवरी को अमहा तथा पहरखा और तीन जनवरी को कटहा, घोपी तथा बेला में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में एक जनवरी को गंगतीरा तथा शंकरपुर, दो जनवरी को चुनरी तथा सोहागी और तीन जनवरी को घूमा तथा देउर में शिविर लगाये जायेंगे। अनुभाग सिरमौर में एक जनवरी को हर्दीखुर्द तथा पाली, दो जनवरी को हटवा तथा सौर 569 और तीन जनवरी को झिरिया, सथिनी तथा दुवगवां में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

# कमिश्नर ने आम जनता के आवेदनों में की सुनवाई

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा की जा रही है। जनसुनवाई में पेंशन प्रकरण के निराकरण, जमीन के नामांतरण, छात्रवृत्ति वितरण, उपचार सहायता सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई।

# मऊगंज के 9 उपार्जन प्रभारी और 2 समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी

**रीवा।** मऊगंज जिले में खरीफ वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। धान उपार्जन के लिए कुल 32 केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में अब तक 10700 किसानों से 6 लाख 23 हजार क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। प्रभारी कलेक्टर मऊगंज डॉ सौरभ सोनवड़े द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए राजस्व तथा खाद्य अधिकारियों का जाँच दल गठित किया गया था। प्रभारी कलेक्टर ने जाँच दल के निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था पाए जाने 9 उपार्जन प्रभारी और 2 समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रभारी कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में वर्षा से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम न करने, बोरियों की स्टैकिंग न कराने, बोरियों की सिलाई न होने, किसानों से निर्धारित मात्रा से अधिक धान लेने, हैण्डलिंग चालान नहीं करने पर समिति प्रबंधकों और उपार्जन को नोटिस जारी किया है। प्रभारी कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही करने, उपार्जन कार्य से संस्था को ब्लैकलिस्ट करने तथा क्षतिग्रस्त हुई धान की राशि वसूली का नोटिस जारी किया है। नोटिस का संतोषजनक जवाब तीन दिवस के भीतर नहीं पाए जाने पर समिति प्रबंधकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# कलेक्टर ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिलेवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि आने वाले नूतन वर्ष में विकास योजनाओं तथा कल्याणकारी कार्यक्रमों से आम जनता के जीवन में विकास का आलोक फैले। आम जनता को स्वस्थ और समृद्धि जीवन का उपहार मिले। जिले में आमजन को शासन की योजनाओं तथा कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ मिले। रीवा जिला सबके सहयोग और समन्वय से विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़े। कलेक्टर ने कहा कि नये वर्ष में प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# कमिश्नर ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के नागरिकों को नूतन वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि आगामी वर्ष संभाग के सभी जिलों के निवासियों के लिये अच्छे स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा समृद्धि का उपहार लेकर आये।

# कमिश्नर ने दो संभागीय अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**रीवा।** संभाग के दो अधिकारी 31 दिसम्बर को अपना सेवाकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हो गए। दोनो अधिकारियों को कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि आज सेवानिवृत्त हो रहे संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी खरगौन में मेरे सेवाकाल के शुरूआत से साथी हैं। उनसे मित्रता का क्रम सदैव बना रहेगा। आपने शिक्षा विभाग को नई दिशा देने का प्रयास किया। आपको जो भी दायित्व दिया गया उसे आपने बड़े मनोयोग से निभाया। आज ही सेवानिवृत्त हो रहे क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव ने भी पूरी कर्मठता से अपना कार्य किया। कुशल चिकित्सक और सर्जन होने के साथ-साथ आप विद्यार्थियों को पढ़ाने और शिक्षा की ओर प्रेरित करने में भी कुशल हैं।



इस अवसर पर डॉ नामदेव ने कहा कि मैं मैहर जिले के छोटे से गांव पिपरा में गरीब किसान परिवार से हूँ। मेरे कॅरियर और जीवन को दिशा देने में मेरे शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस बात को कोई नहीं बदल सकता है कि जो पढ़ेगा वही आगे बढ़ेगा। इस मंत्र को चरितार्थ करने के लिए मैं आगे भी प्रयास करता रहूंगा। इस अवसर पर संयुक्त संचालक श्री त्रिपाठी ने कहा कि कमिश्नर सर से मेरा दीर्घकालीन साथ रहा। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए मुझे सदैव मार्गदर्शन और सहयोग दिया। आपके मार्गदर्शन में रीवा संभाग को नई सफलताएं मिलेंगी। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्त्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833